रोहतक
शुक्रवार, 6 जून 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 126
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 39.2
न्यून. 20.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,442.04 | 443.79 ▲ |
| निफ्टी | 24,750.90 | 130.70 ▲ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 99,690 /- | 430/- ▲ |
| चांदी | 1,04,100/- | 2000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.80 | 7 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 65.05/ बैरल | 0.31% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज के बीच हुआ भव्य अनुष्ठान

**सीएम योगी रहे मौजूद, बोले मोदी आधुनिक भारत के भागीरथी**

# रामलला गर्भगृह के ऊपर सजा दरबार : अयोध्या में गंगा दशहरे पर हुई राम मंदिर में राजा राम व अन्य प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

भाषा ▶▶| अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बृहस्पतिवार को गंगा दशहरा के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आयोजित धार्मिक समारोह में राम जन्मभूमि मंदिर परिसर के अंदर नवनिर्मित 8 मंदिरों में विग्रहों की स्थापना के साथ-साथ भगवान राम के शाही स्वरूप 'राजा राम' की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज के बीच हुआ यह अनुष्ठान इस मंदिर में आयोजित दूसरा प्रमुख प्राण-प्रतिष्ठा समारोह था। इससे पहले, 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में राम लला का अभिषेक किया गया था। बृहस्पतिवार का यह समारोह 'अभिजीत मुहूर्त' के दौरान हुआ। हिंदू पंचांग में इसे सबसे शुभ घड़ियों में से एक माना जाता है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक, विग्रहों का अभिषेक सुबह साढ़े छह बजे यज्ञ मंडप में पूजा के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद पूर्वाह्न नौ बजे हवन किया गया और फिर सभी मंदिरों में एक साथ अनुष्ठान शुरू हुए।

**गंगा दशहरे पर अयोध्या के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ा**

### इन प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

ट्रस्ट के अनुसार, जिन देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा की गई, उनमें श्री राम दरबार (केंद्रीय स्थापना), शेषावतार, उत्तर-पूर्व (ईशान) कोने में भगवान शिव, दक्षिण-पूर्व (अग्नि) कोने में भगवान गणेश, दक्षिणी शाखा में भगवान हनुमान, दक्षिण-पश्चिम कोने में सूर्य देव, उत्तर-पश्चिम (वायव्य) कोने में देवी भगवती और उत्तरी शाखा में देवी अन्नपूर्णा शामिल हैं। श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासी अनिल मिश्रा ने कहा कि यह समारोह देश के विभिन्न हिस्सों से आए धार्मिक विद्वानों की भागीदारी में वैदिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न हुआ।



### दान में मिले हीरे, सोने-चांदी के आभूषण

कार्यक्रम भगवान राम सहित चारों भाइयों के हाथों में धनुष हैं। जहां गर्भगृह में भगवान राम बालक के रूप में हैं, वहीं राम दरबार में राजा के रूप में विराजमान हैं। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आधुनिक भारत का भगीरथ बताया। वहीं, राम दरबार के लिए सूरत के कारोबारी मुकेश पटेल ने हीरे, सोने-चांदी के आभूषण दान दिए। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश नेवादिया ने कहा- दान दिए आभूषणों में एक हजार कैरेट का हीरा, 30 किलो चांदी, 300 ग्राम सोना, 300 कैरेट रुबी से 11 मुकुट बनाए गए हैं। इनके अलावा, गले का हार, कान के कुंडल, माथे का तिलक, चारों भाइयों के लिए धनुष-बाण हैं। इन आभूषणों को चार्टर्ड प्लेन से अयोध्या लाया गया।

**कड़ी रही सुरक्षा :** कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा खासी चाक-चौबंद थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "अयोध्या के चारों ओर त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों के साथ-साथ ड्रोन रोधी तकनीक, सीसीटीवी कैमरे और उन्नत निगरानी प्रणाली तैनात की गई है।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा में देरी से पहुंचने वाली छात्रा को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने परीक्षा की 'शुचिता और अनुशासन' को रेखांकित करते हुए 'समान विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा' (सीयूईटी) में छह मिनट की देरी से शामिल होने वाली छात्रा को राहत देने से इनकार कर दिया। छात्रा ने दावा किया कि 13 मई को वह परीक्षा के निर्धारित समय से छह मिनट बाद सुबह करीब 8.36 बजे परीक्षा केंद्र पहुंची थी। भाषा

### ट्रंप ने मस्क के अनुबंधों में कटौती की चेतावनी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूर्व समर्थक और सलाहकार एलन मस्क के सरकारी अनुबंधों में कटौती करने की चेतावनी दी। ट्रंप ने कंपनी टेस्ला एवं सोशल मीडिया मंच एक्स के प्रमुख मस्क को यह चेतावनी ऐसे समय दी जब दोनों के बीच रिश्तों में खटास आई है और यह एक सार्वजनिक झगड़े में बदल गया है। भाषा



### तृणमूल सांसद महुआ और बीजद नेता पिनाकी ने जर्मनी में शादी की

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने बीजू जनता दल (बीजद) के पूर्व सांसद और वकील पिनाकी मिश्रा से इस सप्ताह जर्मनी में शादी कर ली। खबरों के अनुसार, मोइत्रा (50) और मिश्रा (65) ने तीन जून को जर्मनी में शादी की। इस संबंध में मोइत्रा और मिश्रा, दोनों में से किसी ने भी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। बीजद के वरिष्ठ नेता मिश्रा उच्चतम न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। एजेंसी

### 40 लाख का इनामी नक्सली नेता ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 40 लाख रुपये के इनामी नक्सली नेता नरसिंह चालम उर्फ सुधाकर को मार गिराया। पिछले महीने बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों द्वारा बसवराजू को मार गिराए जाने के बाद इस कार्रवाई से माओवादियों को एक और बड़ा झटका लगा है। भाषा

## बेंगलुरु भगदड़ : पुलिस कमिश्नर समेत 8 अफसर सस्पेंड

# आरसीबी समेत तीन के खिलाफ एफआईआर, गिरफ्तारी के आदेश

**कर्नाटक हाईकोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट मांगी, सुनवाई 10 को**

**भगदड़ में 11 की मौत हुई थी और 33 हुए थे घायल**

**याचिकाकर्ता ने कहा**

राज्य सरकार बताए खिलाड़ियों को सम्मानित करने की क्या मजबूरी थी

एजेंसी/भाषा ▶▶| बेंगलुरु

बेंगलुरु पुलिस ने आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए इवेंट मैनेजमेंट फर्म, कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इन पर लापरवाही का आरोप लगा है। वहीं, कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने पुलिस को आरसीबी व इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी के अफसरों को अरेस्ट करने का आदेश दिया है। साथ ही बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर समेत 8 अफसरों को सस्पेंड कर दिया गया है। सस्पेंड किए गए अधिकारियों में पुलिस कमिश्नर के अलावा एडिश्नल पुलिस कमिश्नर, कब्बन पार्क थाना प्रभारी, एसीपी, डीसीपी सेंट्रल डिवीजन, क्रिकेट स्टेडियम प्रभारी, स्टेशन हाउस मास्टर, स्टेशन हाउस ऑफिसर शामिल हैं। सिद्धारमैया ने कहा-मामले की जांच के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज माइकल डी' कुन्हा की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग बनाया गया है। आयोग 30 दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। आरसीबी के कार्यक्रम के आयोजन में जो जिम्मेदार थे, उन पर कार्रवाई होगी। इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी डीएनए, केएससीए के अफसरों की गिरफ्तारी होगी। उधर, मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सीएम जोशी बेंच ने सरकार को हादसे पर स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने को कहा है। अगली सुनवाई 10 जून को होगी। याचिकाकर्ता के कहा, सरकार को बताना चाहिए कि खिलाड़ियों को सम्मनित करने का फैसला क्यों लिया।



चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर पड़े चप्पल-जूतों के ढेर।

**आरसीबी ने मृतक के परिजनों को दस लाख देने का ऐलान किया 15 दिन में आएगी मजिस्ट्रेट जांच की रिपोर्ट**

### अदालत ने स्वतः संज्ञान लिया

कर्नाटक हाईकोर्ट ने यहां क्रिकेट स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत और 50 से अधिक लोगों के घायल होने के मामले में बृहस्पतिवार को राज्य सरकार को स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लेने के बाद राज्य को नोटिस जारी करके 10 जून तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति सी.एम. जोशी की पीठ ने अदालत की रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह इस मामले जनहित याचिका के रूप में देखे।

### याचिकाकर्ता के सवाल

जनहित याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता लोहित ने अदालत को बताया कि लोग चार खास बिंदुओं पर जवाब चाहते हैं। उन्होंने सवाल किया कि सम्मान समारोह की मंजूरी किसने दी? क्या कर्नाटक सरकार या राज्य क्रिकेट संघ ने ऐसा किया? राज्य या देश का प्रतिनिधित्व न करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने में सरकार की क्या जिम्मेदारी है? साथ ही विधान सौध और चिन्नास्वामी स्टेडियम में अलग-अलग समारोह क्यों आयोजित किए गए? और भीड़ नियंत्रण व सुरक्षा के क्या इंतजाम किए गए थे?

### भीड़ कंट्रोल नहीं कर सकते तो जश्न की जरूरत नहीं : गंभीर

बेंगलुरु हादसे पर टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब मैं खिलाड़ी था तब भी मैं ऐसे रोड शो पर भरोसा नहीं करता था। कोच के रूप में भी मैं इसके पक्ष में नहीं हूं। लोगों की जिंदगी सबसे जरूरी है। अगर आप भीड़ को कंट्रोल नहीं कर सकते हैं तो फिर ऐसे रोड शो की कोई जरूरत नहीं है। मैं हमेशा से मानता रहा हूं कि रोड शो नहीं होने चाहिए। जब 2007 में हम जीते थे, तब भी मैंने यही माना था। ऐसे आयोजनों को बंद दरवाजों के अंदर या स्टेडियम में होना चाहिए।



### बड़े आयोजनों के लिए नई एसओपी तैयार करेंगे

कर्नाटक सरकार बड़े आयोजनों, व सभाओं के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेगी, ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने यह जानकारी दी।

# राफेल विमान का ढांचा अब देश में ही बनेगा

## दसॉ का टाटा एडवांस सिस्टम से करार

**नई दिल्ली (भाषा)।** फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी दसॉ एविएशन ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान का ढांचा (फ्यूजलाज) बनाने के लिए बृहस्पतिवार को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड से समझौता करने की घोषणा की। दोनों कपंनियों के बीच हुए करार के तहत टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लड़ाकू विमान के प्रमुख ढांचे का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन केंद्र की स्थापना करेगी। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि हैदराबाद में स्थापित होने वाल फैक्टरी में राफेल के पहले ढांचे का निर्माण वर्ष 2028 में होने की संभावना है और उत्पादन केंद्र से प्रति माह दो पूर्ण ढांचों की आपूर्ति होने की उम्मीद है। टीएएसएल ने कहा कि वह हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पिछले हिस्से का ढांचा, पूरा पिछला भाग, बीच का हिस्सा और अगला हिस्सा शामिल हैं।



**दसॉ एविएशन ने दी मंजूरी, हैदराबाद में लगेगी ईकाई**

राफेल के पहले ढांचे का निर्माण वर्ष 2028 में होने की संभावना

**हर महीने में दो फ्यूजलॉज के आपूर्ति की उम्मीद**

### चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर

टीएएसएल ने कहा कि उसने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए दसॉ एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उसने कहा कि यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक 'अहम कदम' है। दसॉ एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा, "पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।'

# बैंक धोखाधड़ी में हरियाणा समेत तीन राज्यों में छापे

**ईडी ने की कार्रवाई**

सिद्धदाता कंपनी से जुड़ा मामला, 190 करोड़ की बैंक ऋण धोखाधड़ी के आरोप पानीपत में 10 ठिकाने खंगाले

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 190 करोड़ रुपये की कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले में दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में बृहस्पतिवार को कई स्थानों पर तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह मामला श्री सिद्धदाता इस्पात प्राइवेट लिमिटेड और अन्य से संबंधित है, जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा (पूर्व में देना बैंक) के साथ धोखाधड़ी किए जाने का आरोप है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद और नोएडा तथा हरियाणा के पानीपत में कम से कम 10 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि ये स्थान कंपनी से जुड़े निदेशकों, प्रवर्तकों, साझेदारों, लेखा परीक्षकों और अन्य कथित षड्यंत्रकारियों से संबंधित हैं जिनकी 190 करोड़ रुपये की कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में जांच की जा रही है। संबंधित कंपनी स्टील उत्पादों का निर्माण करती है।



### सीएम सैनी ने दादरी में 5 ई-बसों को दिखाई हरीझंडी

**चरखी दादरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सीएम नायब सिंह सैनी ने दादरी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में एक पेड़ मां के नाम अभियान के दूसरे चरण, हरित अरावली कार्य योजना एवं पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि प्रकृति संरक्षण एवं स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में योगदान देने के लिए एक पेड़ अवश्य लगाएं और प्लास्टिक मुक्त राज्य बनाने के लिए प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का संकल्प लें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सैनी ने पांच इलेक्ट्रिक बसों को वायु प्रदूषण मुक्त के संदेश के साथ झंडी दिखाकर रवाना किया। रोडवेज के बेड़े में करीब 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक बसें शामिल करने का लक्ष्य है। इससे पहले भी नौ शहरों में सिटी बस सेवा के तहत 45 ई-बसें दी जा चुकी हैं।

## रिजर्व बैंक गवर्नर आज पेश करेंगे मौद्रिक नीति समीक्षा

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क लगाए जाने के कारण उत्पन्न व्यापार तनाव के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए लगातार तीसरी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत या इससे अधिक की कटौती की उम्मीद है। आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन-दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई थी। केंद्रीय बैंक ने गवर्नर की अध्यक्षता वाली एमपीसी की सिफारिशों पर इस वर्ष फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की थी।



**नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत या इससे अधिक की कटौती की उम्मीद**

**दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणी**

## स्कूल फीस न देने पर धमका नहीं सकते

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने गुरुवार को फीस नहीं देने के कारण 31 छात्रों को सस्पेंड करने के मामले में द्वारका के दिल्ली पब्लिक स्कूल को फटकार लगाई। जस्टिस सचिन दत्ता की सिंगल बेंच ने कहा कि स्कूल फीस नहीं देने पर बच्चों को धमकाया नहीं जा सकता। इस तरह की हरकतें मेंटल हैरेसमेंट के बराबर हैं और स्टूडेंट्स के आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचाती है। कोर्ट ने कहा, 'स्कूल सिर्फ कमाई का जरिया नहीं है। इसका पहला मकसद बच्चों को शिक्षा देना और नैतिक मूल्यों को विकसित करना है, न कि एक कॉमर्शियल इंटरप्राइज के रूप में काम करना।

# मई में सब्जियों के दाम घटने से घर का बना खाना सस्ता

**महंगाई से राहत**

क्रिसिल इंटेलिजेंस की मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट में खुलासा शाकाहारी थाली की कीमत मई महीने में घटकर 26.2 रुपये हो गई

**मुंबई (भाषा)।** सब्जियों के दाम कम होने से मई महीने में घर का बना खाना थोड़ा सस्ता हो गया। इस दौरान शाकाहारी भोजन के मुकाबले मांसाहारी थाली के दाम में अधिक गिरावट रही। क्रिसिल इंटेलिजेंस की मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट के मुताबिक, घर में बनी शाकाहारी थाली की कीमत मई महीने में घटकर 26.2 रुपये हो गई, जबकि इस साल अप्रैल में इसकी कीमत 26.3 रुपये और पिछले साल मई में 27.8 रुपये थी। पिछले महीने मांसाहारी थाली के मामले में गिरावट ज्यादा तेजी से कम होकर 52.6 रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 55.9 रुपये थी। अप्रैल 2025 में मांसाहारी थाली 53.9 रुपये की थी। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पूषन शर्मा ने कहा, आगे चलकर मौसमी बदलावों के कारण सब्जियों की कीमतों में वृद्धि की संभावना है और मजबूत घरेलू उत्पादन के बीच गेहूं और दालों की कीमतों में थोड़ी नरमी की उम्मीद करते हैं।



दिल्ली के भगवान महाबीर वनस्थली उद्यान में लगाया पौधा, अरावली पर्वत माला गुजरात, राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा तक फैली

# एक पेड़ मां के नाम अभियान का विस्तार, पीएम मोदी ने शुरू की अरावली ग्रीन वॉल परियोजना

**पौधरोपण गतिविधियों को जियो टेग किया जाएगा मेरी लाइफ पोर्टल पर की जाएगी निगरानी**




**नई दिल्ली (भाषा)।** पीएम मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में एक पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल को आगे बढ़ाया और राष्ट्रीय राजधानी से गुजरात तक फैली 700 किमी लंबी अरावली पर्वत श्रृंखला में पुनः वनरोपण करने की विशेष पहल शुरू की। पीएम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक अरावली पर्वतमाला गुजरात, राजस्थान, हरियाणा से लेकर दिल्ली तक फैली है।

### तकनीकों का सहारा लेंगे

मोदी ने कहा, अरावली पर्वतमाला और उसके बाहर, पारंपरिक पौधरोपण विधियों के अलावा, हम नई तकनीकों को प्रोत्साहित करेंगे, विशेष रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में जहां जगह की कमी है। पौधरोपण गतिविधियों को 'जियो-टैग' किया जाएगा और मेरी 'लाइफ पोर्टल' पर उनकी निगरानी की जाएगी। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से इस आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने और पृथ्वी के हरित आवरण को बढ़ाने में योगदान देने का आग्रह भी किया। उन्होंने दिल्ली सरकार की सतत परिवहन पहल के तहत इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाई।

### मोदी ने प्रधानमंत्री आवास पर लगाया सिंदूर का पौधा

पीएम नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने आवास पर 'सिंदूर' का पौधा लगाया। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "1971 के युद्ध में साहस और पराक्रम की अद्भुत मिसाल पेश करने वाली कच्छ की वीरांगना माताओं-बहनों ने हाल में गुजरात के दौरे पर मुझे सिंदूर का पौधा भेंट किया था। विश्व पर्यावरण दिवस पर आज मुझे उस पौधे को नयी दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री आवास में लगाने का सौभाग्य मिला है।"

### दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज का उद्घाटन आज

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पीएम नरेंद्र मोदी पहली बार शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे। मोदी दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब और भारत के पहले केबल-स्टे रेल ब्रिज अंजी का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वो कटरा में 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास तथा उद्घाटन करेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर और वापस जाने वाली दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। ये ट्रेनें निवासियों, पर्यटकों, तीर्थयात्रियों और अन्य लोगों के लिए एक तेज, आरामदायक और विश्वसनीय यात्रा विकल्प प्रदान करेंगी। इसके साथ ही यह ट्रेन सेवा आम लोगों के लिए शनिवार से उपलब्ध होगी।

## खबर संक्षेप

### यादव उद्योग मंत्री राव के विशेष सहायक नियुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा सिविल सचिवालय में अस्थाई तौर पर गुरुग्राम जिले के कादीपुर गांव के वार्ड-22 निवासी ब्रह्मप्रकाश यादव को हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह का विशेष सहायक नियुक्त किया गया है।

### कर्मचारी संगठन 9 जुलाई को करेंगे हड़ताल : लांबा

**चंडीगढ़।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की मजदूर एवं कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदेश के कर्मचारी और मजदूर 9 जुलाई को हड़ताल करेंगे। हड़ताल का आह्वान भारतीय मजदूर संघ (बीएसएस) को छोड़कर देश की अन्य सभी 10 केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों और केन्द्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारी संघों की सैकड़ों फेडरेशन ने संयुक्त रूप से किया है। महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारी व मजदूर संगठन प्रदर्शन करेंगे।

### विकसित के साथ हरित देश भी बनाएंगे : शर्मा



**गुरुग्राम।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यालय गुरुकमल, गुरुग्राम में कार्यकर्ताओं के साथ पौधा रोपित कर प्रकृति और मातृत्व दोनों को नमन किया। शर्मा ने कहा कि यह भावनात्मक और पर्यावरणीय पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू की गई है। यह मुहिम हमें यह संदेश देती है कि जैसे मां हमें जीवन देती है, वैसे ही वृक्ष भी हमें और पृथ्वी को जीवन देते हैं। संगठन मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के साथ हमें हरित भारत भी बनाना है।

### राव ने की जीएमडीए परियोजनाओं की समीक्षा

**गुरुग्राम** केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने वीरवार को गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) कार्यालय में एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। गुरुग्राम की महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनाओं की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता से जुड़े विकास कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा, जीएमडीए सीईओ श्यामल मिश्रा, एचएसवीपी की प्रशासक वैशाली सिंह, डीसीपी ट्रैफ़कि राजेश मोहन, एचएमआरटीसी से चीफ आर्किटेक्ट नम्रता कलसी सहित जीएमडीए, गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड, नगर निगम गुरुग्राम तथा डीएचबीवीएन के अधिकारी शामिल रहे।

## खेती को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की बड़ी घोषणाएं

# प्राकृतिक खेती के उत्पादों की ब्रांडिंग व पैकेजिंग के लिए किसानों को बीस हजार रुपये दिए जाएंगे

**■ अनाज, फल व सब्जियों के लिए हिसार व गुरुग्राम में मंडियां खोली जाएंगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रदेश में प्राकृतिक खेती को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने और किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती तथा जैविक खेती से उत्पादित गेहूं, धान, दालों आदि उत्पादों के लिए प्राकृतिक तथा जैविक मंडी की स्थापना गुरुग्राम में की जाएगी। साथ ही, प्राकृतिक तथा जैविक खेती से उत्पादित फल, सब्जियों के लिए हिसार में भी प्राकृतिक खेती तथा जैविक मंडी की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा, प्राकृतिक तथा जैविक खेती के उपज के उचित मूल्य निर्धारण के लिए हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण के तहत एक समिति का गठन किया जाएगा।

■ कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की

मुख्यमंत्री गुरुवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित प्राकृतिक खेती सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। समारोह में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजा शेखर वुंडरू विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती से प्राप्त उत्पादों की ब्रांडिंग और पैकेजिंग के लिए प्रति किसान 20 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि प्राकृतिक और जैविक खेती की उपज की जांच के लिए प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जाएंगी।



**हिसार।** प्राकृतिक खेती सम्मेलन के दौरान मां सरस्वती को पुष्प अर्पित करते गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

### 10% पंचायती भूमि प्राकृतिक खेती के लिए आरक्षित करेंगे



मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रत्येक पंचायत में पंचायती भूमि में से 10 प्रतिशत भूमि या कम से कम एक एकड़ भूमि प्राकृतिक खेती के लिए आरक्षित की जाएगी। यह भूमि केवल भूमिहीन किसानों को नीलामी के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी और पंचायती जमीन पर जो भी किसान प्राकृतिक खेती करेगा, उन किसानों को भी प्राकृतिक खेती योजना के तहत वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में कच्चे माल के भंडारण और संस्करण के लिये चार ड्रम की खरीद के लिए 3 हजार रुपये प्रति किसान दिया जाएगा। एक देसी गाय की खरीद पर 30 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि देश को टिकाऊ कृषि की ओर अग्रसर होना पड़ेगा।

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह से मिले मुख्यमंत्री




**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की।

## सीईटी पोर्टल की फर्जी वेबसाइट पर आयोग सख्त, केस दर्ज

**चंडीगढ़/जींद।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने कहा कि आयोग के संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सीईटी पोर्टल की एक फर्जी वेबसाइट तैयार की गई है। यह फर्जी पोर्टल वनटाइमर .ईएंडए मिनेशन सर्विसिज. आईएन लोगिनवी.पीएचपी लिंक के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इस लिंग से सभी अभ्यर्थियों को सतर्क रहने की जरूरत है। आयोग ने सभी अभ्यार्थियों को सचेत किया है रजिस्ट्रेशन करते समय विशेष सतर्कता बरतें और केवल आयोग के अधिकृत पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन करें। फर्जी गतिविधियों को आयोग अत्यंत गंभीरता से ले रहा है। इस मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज करवाई गई है और साइबर अपराध में शामिल दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आयोग ने कहा है कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध वेबसाइट, ए लिंक या संदेश से सावधान रहें तथा केवल आयोग की आधिकारिक वेबसाइट और प्रमाणिक संचार माध्यमों पर ही भरोसा करें।

## असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती प्रकरण की जांच करवाए सरकार : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि हाल ही में असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती के पेपरों में हुए गड़बड़झाले को छिपाने में जुट गई है क्योंकि इन भर्तियों में अभ्यर्थियों को ऐसे पेपर बांटे गए, जिनकी सील पहले से ही टूटी हुई थी। इसलिए अभ्यार्थी पेपर लीक की आशंका जता रहे हैं। अभ्यर्थियों ने बाकायदा कमीशन को लिखित शिकायत भेजी हैं, जिसमें सेंटर और अभ्यर्थियों के नाम दर्ज हैं। बावजूद इसके सरकार पेपर लीक के एंगल से पूरे मामले की जांच से क्यों भाग रही है। इससे सरकार की मंशा पर सवालिया निशान लगना लाजमी है। बृहस्पतिवार चंडीगढ़ जूलॉजी और केमिस्ट्री के कुछ अभ्यर्थियो ने हुड्डा से मिलकर ज्ञापन सौंपा और पेपर दोबारा कड़ी सुरक्षा व पारदर्शी तरीके से पेपर कराने की मांग की।

■ अभ्यर्थियों ने पूर्व मुख्यमंत्री को चंडीगढ़ में ज्ञापन सौंपा



## डीएपी के लिए भटक रहे प्रदेश के किसान : सैलजा



**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि स्वयं को किसान हितेषी कहने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार किसान विरोधी है उसने किसानों से सदैव वायदा खिलाफी की है। किसी न किसी बहाने से किसानों का शोषण किया जा रहा है, फसलों का एमएसपी मिलना तो दूर किसानों को डीएपी खाद तक ब्लैक में खरीदनी पड़ रही है। सांसद ने सरकार से अनुरोध किया है कि डीएपी खाद की कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार में बस लूट और हकमारी का आलम है। अन्नदाता किसान की अनदेखी की जाती रही है, किसान को आज तक फसलों पर एमएसपी नहीं मिल रही है, तो दूसरे नकली बीच और खाद, कीटनाशक उसकी कमर तोड़ने में लगे हुए है। इस समय सब्जी, धान, नरमा कपास और अन्य फसलों की बिजाई चल रही है।

### फर्जी वेबसाइट लिंक से युवाओं का ठगा जा रहा : अभय चौटाला

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार की नाक के नीचे सीईटी आवेदन के लिए फर्जी वेबसाइट लिंक द्वारा सरेआम प्रदेश के बच्चों को ठगा और लूटा जा रहा है और सरकार हाथ पे हाथ धरे बैठी है। सीईटी पोर्टल के फर्जी लिंक की जानकारी एचपीएससी को भी तब मिली जब बच्चों ने इसकी शिकायत की। आज साइबर क्राइम इतना बढ़ चुका है कि ठग थोड़ी सी लापरवाही होने पर ही लोगों के बैंक के खाते साफ कर देते हैं। साइबर ठगों का पूरा जाल बिछा होने की पूरी संभावना रहती है और साइबर ठगों की सक्रियता की अनदेखी नहीं की जा सकती। मतलब इतना सब जानते हुए भी एचपीएससी ने सीईटी की फर्जी वेबसाइट से बच्चों को ठगों से बचाने का कोई प्रावधान ही नहीं किया। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश में आज बेरोजगारी चरम पर है।




### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/710

मनकि सुनील पुत्र जयसिहं पुत्र कवर सिहं, निवासी एवं बिस्वेदार गांव लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2021–22 व इंतकाल न0 1841 बैय, के अनुसार अराजी खेवट न0 144मिन/118/1, खाता न0 157, मु0 न0 38, किला न0 9/2/2(5–2), 10(6–13), किते 2, तादादी रकबा 11 कनाल 15 मरले का 1/12 भाग, बकदर 0 कनाल 19.58 मरले (0.122375 एकड़) वाका रकबा मौजा लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 38, किला न0 10 मिन उत्तर (0–19.58), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 19.58 मरले (0.122375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 05.06.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 70 हजार ने करवाया रजिस्ट्रेशन

चंडीगढ़। हरियाणा आयुष विभाग ने 21 जून को पूरे राज्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के भव्य रूप से आयोजित करने की घोषणा की है। इस वर्ष का आयोजन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जो लोगों में उत्साह और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रवक्ता ने बताया कि यह समारोह योग युक्त,नशा मुक्त'थीम पर केंद्रित है, जो समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और व्यसन मुक्त समाज बनाने के दोहरे उद्देश्यों को पुष्ट करता है। यह नारा सरकार के स्वस्थ, जागरूक और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के व्यापक दृष्टिकोण से भी मेल खाता है। अब तक हरियाणा के सभी जिलों से 70,000 से अधिक लोगों ने योग महोत्सव में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है।

### हरियाणा एमएलए हॉस्टल में बुफे की व्यवस्था शुरू

**चंडीगढ़।** हरियाणा एमएलए हॉस्टल में भोजन व्यवस्था में और अधिक सुधार की दिशा में बढ़ते हुए सुबह के नाश्ते में बुफे की शुरुआत की गई है जिसका शुभारंभ बृहस्पतिवार को विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने किया। विधानसभा अध्यक्ष गुरुवार सुबह सेक्टर तीन स्थित एमएलए हॉस्टल में पहुँचे जहां उन्होंने बुफे की शुरुआत की। स्पीकर कल्याण ने कैंटीन में पेमेंट करके नाश्ता किया तथा विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा। विधानसभा अध्यक्ष ने वहां उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 231 दिनांक 30.05.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - कर्मजीत
पिता/पति- पुत्र जयसिंह
पता - निवासी गांव बालंद जिला रोहतक
उम्र- 20 वर्ष
कद- 5 फुट 9 इंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा ।
पहनावा IT। की नीले रंग की ड्रैस (नीली चैक की शर्ट, नीले रंग की पैंट) व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 30.05.25 को कर्मजीत पुत्र जयसिंह निवासी गांव बालंद जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 98607619902

पीआरडीएच-1084/11/3481/2026/35395/88/6 दि. 05.06.25


## बकरीद पर कानून- व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश



**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने आगामी ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व के दृष्टिगत राज्य भर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह पर्व 7, 8 और 9 जून को चांद दिखने पर मनाया जाएगा। पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस आयुक्तों, जिलों के पुलिस अधीक्षकों और फील्ड इकाइयों को सतर्क रहने और साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने स्पष्ट किया है कि राज्य में शांति, कानून और व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है और अफसरों को निर्देशित किया है कि वे हर हाल में सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करें। पुलिस महानिदेशक कार्यालय ने आदेश दिया है कि जिला स्तर पर शांति समितियों के साथ बैठकें की जाएं और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर अग्रिम निगरानी रखी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि त्योहार के दौरान कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। पुलिस अधिकारी अलर्ट मोड पर रहे।


### कब्जा सूचना-(अचल सम्पति हेतु) नियम 8-(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री ओम प्रकाश श्रीमती संतोष रानी प्रकाश टायर वर्क (प्रोस्पैक्ट नं. IL10623248) | 2485, हाउस नं. 3, रत्तिया, दुर्गा मंदिर, फतेहाबाद, हरियाणा, भारत 125051 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Carpet_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 399.00, 311.00, 389.00 | रु. 531485/- (रुपये पांच लाख इकतीस हजार चार सौ पचासी केवल) | 15/03/2025 | 03/06/2025 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : 1176/3, प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 06.06.2025 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.


## राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर विस अध्यक्ष ने ली बैठक

**गुरुग्राम।** जुलाई माह के पहले सप्ताह में होने वाले शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियां को लेकर हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने वीरवार को गुरुग्राम के पीडब्लूडी रेस्ट हाऊस में प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। लोक सभा ने इस सम्मेलन की मेजबानी हरियाणा विधान सभा को सौंपी है। सम्मेलन में देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से शहरी स्थानीय निकाय संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन का आयोजन 3-4 जुलाई को प्रस्तावित है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



## मातृत्व मृत्यु दर कम करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण : राव

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग, मातृत्व देखभाल प्रसव में हरियाणा को एक आदर्श राज्य बनाने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है कि जीवन को जन्म देते समय किसी भी महिला की मृत्यु न हो। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने कहा हर रोकी जा सकने वाली मातृ मृत्यु एक त्रासदी है जिसे समय पर देखभाल, कुशल प्रसव प्रबंधन और अद्यतन ज्ञान के माध्यम से टाला जा सकता है। इस संबंध में बुधवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र (राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान) की गवर्निंग बॉडी की बैठक हुई।

### फ्रंटलाइन चिकित्सा कर्मियों को लेकर तैयारी



बैठक में फ्रंटलाइन चिकित्सा कर्मियों की क्षमता निर्माण के माध्यम से हरियाणा में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मातृ स्वास्थ्य संकेतकों पर प्रगति में तेजी लाने के उद्देश्य से चिकित्सा अधिकारियों और नर्सिंग अधिकारियों के लिए एक राज्यव्यापी रिफ्रेसर प्रशिक्षण कार्यक्रम की आवश्यकता पर जोर दिया, विशेष रूप से सुरक्षित प्रसव और प्रसव प्रथाओं को लक्षित करते हुए। उन्होंने कहा कि पूरा प्रशिक्षण छह महीने के भीतर पूरा किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मातृत्व देखभाल में शामिल प्रत्येक डॉक्टर और नर्स नवीनतम प्रोटोकॉल, क्लीनिकल कौशल और डायग्नोस्टिक जागरूकता से लैस हों। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका भुना | नहर पार स्वर्ग आश्रम वार्ड 13 भुना में निर्माण कार्य। | 02.06.2025 20.06.2025 | 7.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 2 | नगर पालिका भुना | भुना की 6 अदद नई अनुमोदित कॉलोनी में विभिन्न गली का निर्माण। | 30.05.2025 20.06.2025 | 7.56 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 3 | नगर पालिका भुना | भुना शहर में रिफ्लेक्टराइजिंग ग्लास बीड्स सहित हॉट अप्लाइड थर्मोप्लास्टिक कम्पाउंड द्वारा रोड मार्किंग। | 02.06.2025 20.06.2025 | 11.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 4 | नगर पालिका भुना | वार्ड नं. 14, भुना में कुम्हार चौपाल में कार्य का निर्माण। | 02.06.2025 10.06.2025 | 8.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 5 | नगर पालिका भुना | वार्ड 13 भुना में हिसार रोड से मंगत से विरेन्द्र दहिया, जिले भुकल से खाल फैक्टरी तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 19.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 6 | नगर पालिका भुना | वार्ड 15 भुना में प्रदीप बंसल से टोहाना रोड, घनश्याम कक्कड़ से काली राम पंडित तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 18.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 7 | नगर पालिका भुना | वार्ड 14, भुना में महेन्द्र के मकान से सत्ता नाई और राजेन्द्र से पोला चमार तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 9.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 8 | नगर पालिका भुना | वार्ड 14 में सोनू एम.सी. के मकान से गौरा बाथा तक नानकी के मकान से कृष्ण बोलियान तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 19.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 9 | नगर पालिका भुना | वार्ड 13, भुना में कुल्फी फैक्टरी से सन्नी सैनी, बाबू लाल से अमर सिंह के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 21.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 10 | नगर पालिका भुना | वार्ड 12, भुना में जगजीत के मकान से ईश्वर गर्ग के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 20.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 11 | नगर पालिका भुना | वार्ड 12, भुना में दीपक के मकान से अवतार मल्ही, बलराज से भिरा, रामधारी से संदीप के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 11.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 12 | नगर पालिका भुना | वार्ड 11 भुना में हरीश टूटेजा के मकान से राज खट्टर के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 20.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 13 | नगर पालिका भुना | वार्ड 10 भुना में भारत फोटोस्टेट से बिट्टू तक, राजू खुराना से चोपड़ा डीजे तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 19.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |
| 14 | नगर पालिका भुना | वार्ड 4, भुना में सूरजभान से नरसी तक और कुलदीप से प्रवीन के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण। | 02.06.2025 20.06.2025 | 18.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 bhuna@gmial.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

संवाद-13/2026/280/35400/I/88/6 दि. 05.06.25

## खबर संक्षेप

### पेस्टीसाइड का काम करने के नाम पर 25 लाख ठगे

**फतेहाबाद।** पार्टनरशिप में पेस्टीसाइड का काम करने के नाम हिसार के एक युवक से 25 लाख की धोखाधड़ी होने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित युवक की शिकायत पर सदर फतेहाबाद पुलिस ने फतेहाबाद के गांव फुलां निवासी संदीप के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हिसार जिले के गांव गांव किरमारा निवासी राजेश पवार ने कहा है कि वह खेतीबाड़ी करता है।

### कंबोडिया भेज, बंधक बनाया, आरोपी काबू

**हिसार।** सदर थाना पुलिस ने कंबोडिया भेजकर, बंधक बनाने और छोड़ने के एवज में 40 लाख रूपये मांगने के मामले में नामजद दाहिमा निवासी सुशील कुमार को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है। मामले में जांच अधिकारी उप निरीक्षक नवीन ने बताया कि एनसीसीआरपी पोर्टल से थाना हिसार में एक शिकायत प्राप्त हुई जिसमें हिसार निवासी शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसके घर के आर्थिक हालात ठीक नहीं थे।

### घरेलू विवाद में बुजुर्ग दंपति पर हमला

**हांसी।** तोशाम रोड़ स्थित गांव हाजमपुर में घरेलू विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आए एक बुजुर्ग दंपति पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घायल बुजुर्ग दंपति को आस-पास के लोगों ने उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया। मामला तीन जून का है। सूचना मिलने पर पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच घायल दंपति की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार के बोनट पर केक काट रहे युवकों पर फायरिंग

**यमुनानगर।** जगाधरी के मटका चौक के पास कार के बोनट पर रखकर केक काट रहे युवकों पर फायरिंग की गई। गोली लगने से दो युवक घायल हो गए। डॉक्टरों ने एक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया। पुलिस ने मामले में एक आरोपी युवक को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।



**यमुनानगर।** रादौर अस्पताल में इलाज करवाने पहुंची घायल महिलाएं।

### टैंपो के पलटने से 20 महिलाएं हुई घायल

**रादौर।** रादौर के बापौली मार्ग पर वीरवार की सुबह महिलाओं से भरा एक टैंपो बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंपो में सवार लगभग 20 महिलाएं घायल हो गई। गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और सभी की जान बच गई। घायलों को अस्पताल में ले जाया गया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार देकर छुट्टी देकर घर भेज दिया गया। जिन्हें इलाज के लिए शहर के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया।

### ट्रैक्टर चालक की गोली मारकर हत्या

**गुरुग्राम।** सदर थाना एरिया के सुभाष चौक के निकट एक मॉल में ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुई कहासुनी पर दुकानदार ने अपने साथी के साथ मिलकर ट्रैक्टर चालक की गोली मारकर हत्या कर दी। ट्रैक्टर चालक आईएलडी मॉल में कंस्ट्रक्शन के मलबे को हटाने के काम में लगा था। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्राइम ऑफ सीन व फोरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना किया। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्टल व चार खाली खोल कारतूस बरामद किए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

---

बैंक के एटीएम का लगभग 18 लाख रुपये कैश बच गया

# व्यापार में घाटा हुआ तो पहुंचा एटीएम लूटने, हेड ऑफिस में बजे सायरन ने बिगाड़ दिया गेम

**चौकाने वाला खुलासा**

- सेंसर लगा होने की जानकारी नहीं मिली थी इंटरनेट से
- इंटरनेट से एटीएम मशीन उखाड़ने का तरीका समझा
- गैस कटर से किस तरह मशीन को काटकर चोरी की जा सकती जानकारी एकत्र किया


**रेवाड़ी।** एटीएम चोरी के प्रयास में काबू किए गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

डूंगरवास निवासी संदीप की निखरी में मोटर बॉडी वर्कशॉप की हुई है। कारोबार में कई दिनों से नुकसान होना शुरू हुआ, तो उसका दिमाग एक झटके में लाखों रुपये कमाने की ओर दौड़ पड़ा। इंटरनेट से एटीएम मशीन उखाड़ने का तरीका समझा। एक अन्य साथी को एटीएम उखाड़ने के लिए तैयार किया, परंतु बूथ में लगे सेंसर से बैंक के ई-सर्विलांस सिस्टम ने सारा खेल एक झटके में बिगाड़ दिया। सेंसर के अलार्म से एटीएम में चोरी का प्रयास विफल हो गया और संदीप व उसके दोनों का जेल जाने का रास्ता साफ हो गया। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि कारोबार में नुकसान होने के बाद ही संदीप ने एटीएम मशीन से नकदी चोरी करने की योजना बनाई थी। उसने मशीन उखाड़ने के लिए इंटरनेट पर तरीका सर्च किया। उसने बताया गया कि गैस कटर से किस तरह मशीन को काटकर चोरी की जा सकती है। इसके बाद संदीप ने चोरी की योजना को सिरे चढ़ाने के लिए अपने दोस्त जगविंद्र उर्फ जोनी को भी तैयार कर लिया। वह एक होटल में नौकरी कर रहा था और आर्थिक तंगी का सामना कर रहा था। संदीप ने गैस कटर व औजारों की व्यवस्था करते हुए एक दिन पहले एटीएम बूथ की रेकी की थी। इसके बाद दो-तीन बार फिर से रेकी की। उसे इस बात का पता था कि रात के समय बूथ बंद रहता है और गार्ड की कोई व्यवस्था नहीं रहती।

**चोरी के प्रयास का घटनाक्रम**

शनिवार की रात बैंक के एटीएम में लगभग 18 लाख रुपये कैश था। इसी दौरान दो लोग एटीएम बूथ के शटर के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए। दोनों ने एटीएम मशीन को गैस कटर से काटने का प्रयास किया था, परंतु अंदर सेंसर लगा होने के कारण बैंक के ई-सर्विलांस सिस्टम ने शाखा प्रबंधक को अलर्ट कर कर दिया। शाखा प्रबंधक प्रवीन कुमार ने इसकी सूचना बैंक गार्ड हरीश व पुलिस को दी। पुलिस सूचना मिलते ही एटीएम बूथ पर पहुंची तो वहां मौजूद दोनों आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए। बाद में पुलिस ने दोनों को काबू कर लिया।

**आरोपियों से की जा रही पूछताछ**


जैसे ही रात को पुलिस को सूचना मिली, ईआरवी तुरंत मौके पर पहुंच गई। एसएचओ धारूहेड़ा भी वहां ईआरवी के साथ ही पहुंच गए। दोनों आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, परंतु पुलिस ने मसानी चौक के पास उन्हें काबू कर लिया। आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। -डा. रविंद्र कुमार, डीएसपी।

**ताले तोड़ने से पहले की रेकी**

पुलिस के अनुसार एटीएम बूथ के शटर पर लगे ताले तोड़ने से पहले जोनी ने अपनी बाइक थोड़ा दूर खड़ी की थी। संदीप की कार एटीएम बूथ के पास ही खड़ी थी, जिसमें गैस कटर, गैस सिलेंडर व अन्य औजार थे। दोनों ने शटर के ताले सफलतापूर्वक काट दिए थे, परंतु मशीन काटने का प्रयास करने से पहले ही पुलिस वहां पहुंच गई। बैंक के हेड ऑफिस की ओर से पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस के पहुंचते ही दोनों आरोपी वहां से फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस ने रात को ही दोनों को काबू कर लिया।

---



यमुनानगर में घटना, महिला की हालत गंभीर

## गंगा दशहरा पर स्नान करने आए परिवार के 4 लोगों को डूबने से बचाया

- गोताखोरों ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के बाड़ी माजरा पुल पर गंगा दशहरे के दिन वीरवार को पश्चिमी यमुना नहर में नहाने के लिए आए परिवार के चार लोग पानी में डूबने से बाल बाल बच गए। गनीमत यह रही कि मंदिर के पंडित व गोताखोरों ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। एक महिला की हालत गंभीर बनी है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी 35 वर्षीय नेहा, उसका बेटा 17 वर्षीय अक्षित, 45 वर्षीय बबलू, 40 वर्षीय कविता व चार बच्चे बाड़ी माजरा पुल पर पूजा अर्चना करने आए थे। पूजा अर्चना करने के बाद वह नहर में नहाने लगे। इस दौरान वह पानी में डूब गए। मंदिर के पंडित माधवानंद व गोताखोरों ने जब उन्हें पानी में डूबते हुए देखा तो वह उन्हें बचाने के लिए पानी में कूद गए। उन्होंने सभी को बड़ी मुसकिल से पानी से बाहर निकाला। नेहा की हालत गंभीर होने पर उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

---

गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे पर खतरनाक स्टंट से हड़कंप

## दरवाजा खोलकर दौड़ाई स्कॉर्पियो, छत पर बैठ 'टोल तोड़ ते हांडे थे' गाने पर डांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

द्वारका एक्सप्रेस-वे पर युवकों द्वारा स्टंटबाजी कर दरवाजा खोलकर स्कॉर्पियो दौड़ाने का मामला सामने आया है। युवक खतरनाक स्टंटबाजी करते हुए स्कॉर्पियो की छत पर बैठकर टोल तोड़ ते हांडे थे' गाने पर डांस करते नजर आए। ऐसे तीन वीडियो सामने आए हैं जिनमें दो युवक तो सन रूफ खोल गाड़ी के ऊपर बैठकर डांस करते दिखे। जबकि एक युवक पैर से दरवाजा खोलकर काले रंग की स्कॉर्पियो को तेज रफ्तार में सड़क पर दौड़ाता दिखाई दे रहा है। मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीडियो कहां का है यह पुष्टि करके संबंधित थाना पुलिस मामले की जांच करेगी। ट्रैफिक नियम तोडऩे वालों और स्टंटबाजों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सोशल मीडिया पर अपलोड किए वीडियो**

स्टंट करने वाले युवकों ने खुद ही वीडियो शूट करके अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर ये वीडियो



अपलोड किए हैं। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है। ये वीडियो शाम के वक्त की है, जहां बजघेड़ा रोड पर काफी सारे युवा अपनी गाडिय़ों के साथ दिखाई देर रहे है। कुछ युवक वहां भी अपने वीडियो बना रहे है। कुछ सेल्फी लेते नजर आ रहे है। इसके बाद कार सवार युवक द्वारका एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार से कारें दौड़ा रहे हैं। हरियाणवी सांग 'जितने भी से बैठे रे मेरा गला गाड़ी में कोई संत महात्मा कोनी र चंबल के डाकू स...' गीत के साथ यह वीडियो डाला गया है। वीडियो के एक हिस्से में पहले एक युवक काले रंग की चलती हुई गाड़ी से बाहर आकर यह गाना गा रहा है।

---

### कैथल में देह व्यापार करवाने वाली महिला गिरफ्तार

**कैथल।** देह व्यापार करवाने के मामले की जांच डीएसपी मुख्यालय बीरभान द्वारा करते हुए महिला आरोपी गांव नरड़ निवासी ममता को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 मई को तत्कालिन महिला थाना प्रभारी एसआई वीना की टीम को सूचना मिली कि शुगर मिल के करनाल रोड़ पर एक मकान में राजौंद निवासी महिला ममता व उसका साथी मूंदड़ी निवासी विकास बाहर से औरतो को बुलाकर ग्राहकों से अनैतिक कार्य करवाकर रुपए वसूली करते है। पुलिस टीम द्वारा उक्त मकान पर रेड की गई तो वहां से 4 महिलाएं मिली, जिन्होने बताया कि ममता व विकास ने हमे देह व्यापार के लिए बुलाया हुआ है। जिस बारे थाना तितरम में मामला दर्ज किया गया। आरोपी विकास को मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

- पुलिस ने रेड कर पकड़ी थीं 4 महिलाएं, एक व्यक्ति पहले हो चुका काबू

---

राज्यपाल ने पर्यावरण दिवस की थीम पर आधारित कला चित्र का अनावरण किया

## प्लास्टिक प्रदूषण आज की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक

**राज्यपाल दत्तात्रेय ने विश्व पर्यावरण दिवस पर शुभकामनाएं दीं**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों, पर्यावरण प्रेमियों और सभी हितधारकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं के अनुरूप, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की महत्ता पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है, जो मानव स्वास्थ्य, जैव विविधता और जलवायु पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने नागरिकों, संगठनों और उद्योगों से सिंगल यूज प्लास्टिक को कम करने, अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाने और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने का आह्वान किया। दत्तात्रेय ने हरियाणा में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत कार्यकर्ताओं, नागरिक निकायों, स्कूलों और गैर-सरकारी संगठनों की सराहना की। उन्होंने कहा, विश्व पर्यावरण दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि धरती माता के प्रति हमारी जिम्मेदारी को याद करने का अवसर है। उन्होंने स्थायी जीवनशैली और हरित पहलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

---

टैंकर चालक के साथ मिल तेल चोरी कर रहा था ढाबा मालिक

## पुलिस ने ढाबे पर मारा छापा 44 सौ लीटर तेल बरामद

- पुलिस ने ढाबा मालिक तथा टैंकर चालक के खिलाफ दर्ज किया मामला
- 22 ड्रमों मे किया था अवैध रूप से तेल का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव बराहखुर्द के निकट ढाबे पर छापेमारी करते टैंकर से तेल चोरी करते चालक तथा ढाबा मालिक को काबू किया है। पुलिस ने ढाबे से 22 ड्रम मे 4400 लीटर तेल बरामद किए हैं। सदर थाना पुलिस ने टैंकर चालक तथा ढाबा मालिक के खिलाफ चोरी, अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थों का भडारण करने, धोखाधड़ी तथा आवश्क वस्तु कालाबाजारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव बराहखुर्द के निकट ढाबे पर टैंकर से तेल बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक को साथ लेकर ढाबे पर छापा मारा। उस दौरान यूपी नंबर टैंकर में पाइप लगा कर तेज ड्रम में भरा जा रहा था। जिस पर पुलिस ड्रम के साथ खड़े दोनों लोगों को काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में एक व्यक्ति की पहचान टैंकर चालक गांव कुडाखुर्द जिला बिजनौर यूपी निवासी रियाजुद्दीन तथा ढाबा संचालक गांव करसोला निवासी मनजीत के रूप मे हुई। तलाशी ली तो उसके पीछे 21 ड्रम तेल के भरे मिले। जिन्हें तिरपाल से ढांपा गया था।

---

गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार, 8 वारदातें पंजाब में की

## सिरसा में अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, 11 मोटरसाइकिल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

पुलिस ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 11 चोरीशुदा बाइक भी बरामद किए हैं। कालांवाली के डीएसपी संदीप धनखड़ ने गुरुवार को बताया कि गिरोह के सदस्य चोरी किए गए मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान गुरदेव सिंह एर्फ निक्का निवासी बठिंडा पंजाब के रूप में हुई है। डीएसपी ने बताया कि सीआईए पुलिस की एक टीम नाकाबंदी के दौरान संदेह के आधार पर एक बाइक रुकवाया और चेक किया तो बाइक की नम्बर प्लेट फर्जी थी। जांच करने पर पता चला कि उपरोक्त बाइक चोरी हुआ है और इसकी




**सिरसा।** चोरीशुदा बाइक सहित पकड़ा गया आरोपी। फोटो : हरिभूमि

शिकायत कालांवाली थाना में दर्ज है। पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी की 11 वारदातों को अंजाम देने की बात कबूली। जो कि 8 वारदातें पंजाब क्षेत्र में की गई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 11 बाइक बरामद कर लिए हैं। डीएसपी ने बताया कि आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटाई जा रही है।

**चोरीशुदा बाइक बरामद, दो पकड़े**

पुलिस ने सिरसा के बाईपास रोड क्षेत्र से चोरीशुदा बाइक सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइपास रोड पर बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें जांच के लिए रोका तो बाइक चोरी का निकला।

---



### टोहाना में बदमाशों ने कार में की जमकर तोडफ़ोड़, जांच में जुटी पुलिस

**टोहाना।** देर रात्रि शहर के अग्रसेन चौक पर खड़ी स्विफ्ट कार पर अज्ञात हमलावरों ने तोड़फोड़ कर दी, जिससे गाड़ी को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। शहर के बीचों बीच चौक पर हुई इस घटना के बाद से आस पास के इलाके में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची शहर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी अनुसार अग्रसेन चौक पर खड़ी उक्त गाड़ी के मालिक की पहचान रविदास मोहल्ला निवासी विशाल मेहरा की गाड़ी के तौर पर हुई हुई है। स्विफ्ट गाड़ी को अज्ञात हमलावारों ने लाठी डंडों से निशाना बनाते हुए तोडफ़ोड़ कर कर आगे और पीछे के शीशे को चकनाचूर कर दिया। गनीमत रही कि गाड़ी चालक कुछ समय पहले ही गाड़ी से गया था, वरना हमलावर उसे भी नुकसान पहुंचा सकते थे। घटना की सूचना आस पास के लोगों ने शहर थाना पुलिस को दी, पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। रात्रि के समय चौक पर खड़ी गाड़ी को तोडऩे से आसपास के लोग एकत्रित हो गए। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

---

संगठन मजबूत करने की कवायद | कांग्रेस संगठन में एक दशक बाद जान फूंकने की तैयारी

# पर्यवेक्षक एक सप्ताह रहेंगे फील्ड में लेंगे अंतिम फैसला, रिपोर्ट सीधे जाएगी हाईकमान के पास

- पर्यवेक्षक देंगे फील्ड में जाकर छह नाम, जिसमें जातिगत संतुलन बैठाने की होगी कोशिश
- गुटों से दूर जाने की कवायद नेताओं की पर्ची नहीं बल्कि जनता की सुनी जाएगी

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार कांग्रेस को गुटबाजी से ऊपर उठाने और किसी खास ग्रुप को तरजीह देने के स्थान पर अब



कांग्रेस के जिलाध्यक्षों का चुनाव प्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। खासतौर पर सभी 22 जिलों में जाने वाले पर्यवेक्षकों द्वारा जातिगत संतुलन साधते हुए सभी वर्गों को तरजीह देने का काम होगा। पर्यवेक्षक एक सप्ताह फील्ड में प्रदेश कांग्रेस के दो-दो नेताओं का भी सहयोग लेंगे लेकिन अपनी रिपोर्ट तैयार करने के बाद में किसी नेता विशेष को नहीं बल्कि हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी को सौंपी जाएगी।

प्रदेश में एक दशक बाद कांग्रेस में जान डालने की कवायद के तहत इस कवायद में जुटे सभी 22 जिलों में पर्यवेक्षकों ने जाने की तैयारी कर ली है।

इस बार एक सप्ताह के अंदर वे दो सदस्यों को साथ में लेकर सारी तरह के समीकरणों को ध्यान में रखते हुए छह नामों का विकल्प देंगे, जिसमें महिला, दलित, पिछड़ा, अगड़ा सभी तरह के चेहरों को शामिल किया जाएगा। पर्यवेक्षक अपनी सिफारिश भी साथ में देंगे साथ ही उसके पीछे के बड़े कारण बताने का काम करेंगे। यह रिपोर्ट तैयार करने के बाद में राज्य कांग्रेस मामलो के प्रभारी बीके हरिप्रसाद को सौंपी जाएगी। हरिप्रसाद इस मामले में रिपोर्ट को हाईकमान के सामने अर्थात सीधे ही केसी वेणुगोपाल को देंगे।

अहम बात यहां पर यह है कि इस बार कांग्रेस में भाई भतीजावाद और क्षेत्रवाद किसी नेता की पर्ची पर जिला अध्यक्ष नहीं बनेंगे बल्कि, सीधे हाईकमान के दूत यह नाम तय करेंगे। यहां पर बता दें कि राहुल गांधी ने जून के अंत तक दो बैठकों में लंबी चर्चा के बाद साफ कर दिया कि माह के अंत तक जिला अध्यक्षों की नियुक्ति का काम पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से करना होगा। उसी क्रम में सभी पर्यवेक्षकों ने जिलों की तरफ रुख कर लिया है। सभी जिलों में तमाम बातों का फीडबैक और अध्ययन करने के बाद में छह नाम दिए जाएंगे। राहुल गांधी ने बार बार समय सीमा के अंदर जिला अध्यक्षों को लेकर दिया होमवर्क निपटाने को कहा है। केंद्रीय पर्यवेक्षकों से कहा कि वे न किसी नेता से डरें और दबाव व प्रभाव में नहीं आएं।

---

### एटीएम में पैसे जमा करवाने आए युवक से पिस्तौल के बल पर छीने 16 हजार, मामला दर्ज

**यमुनानगर।** शहर के रेलवे रोड स्थित आईडीबीआई बैंक के एटीएम में बीती रात पैसे जमा करवाने आए युवक से बाइक सवार दो बदमाशों ने पिस्टल के बल पर 16 हजार रुपये, मोबाइल व पर्स छीन लिया। भागते हुए आरोपी बदमाश मोबाइल को एटीएम बूथ के बाहर फेंक गए। पुलिस ने मौके का मुआयना करने के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार कार्तिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात साढ़े दस बजे रेलवे रोड पर स्थित आईडीबीआई बैंक के एटीएम में अपने अकाउंट में 16 हजार रुपये जमा करवाने आया था। सुबह उसके अकाउंट से 16 हजार रुपये की किस्त के पैसे कटने थे। जब वह एमटीएम में पैसे जमा करवाने लगा तो तभी दो बदमाश मौके पर आए। एक बदमाश बाहर बाइक लेकर खड़ा रहा जबकि दूसरा अंदर एटीएम बूथ में घुस गया। आरोपी ने आते ही जेब से पिस्टल निकालकर उस पर तान दी। जिससे वह डर गया। आरोपी उसे गोली मारने की धमकी देकर उसके पास से 16 हजार रुपये, पर्स व मोबाइल छीनकर बाहर बाइक लेकर खड़े अपने साथी के साथ फरार हो गया।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर केंद्रीय मंत्रियों ने किया 'प्लास्टिक प्रदूषण' को हराने का आव्हान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों ने प्लास्टिक प्रदूषण रोकने का आह्वान किया है। मंत्रियों ने गुरुवार को नागरिकों से प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने और स्थिरता को अपनाने का आग्रह किया है। इस दौरान उन्होंने हरित एवं स्वच्छ भविष्य के लिए अधिक पेड़ लगाने की अपील भी की। विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं' का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज हम पर्यावरण दिवस मना रहे हैं, आइए हम अपने ग्रह की रक्षा करने और सभी जीवित प्राणियों के लिए स्थिरता सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करें। हमेशा याद रखें कि प्रकृति तभी सुरक्षित रहती है जब उसे संरक्षित किया जाता है।

**प्रकृति तभी सुरक्षित रहती है जब उसे संरक्षित करते हैं: भूपेंद्र यादव**

**विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं' का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना है।**





**कहां जाता है प्लास्टिक कचरा**

दुनिया में प्लास्टिक कचरे का सिर्फ नौ प्रतिशत रिसाइकल होता है। 19 प्रतिशत जलाया जाता है और 50 प्रतिशत बड़े बड़े गड्ढों में पहुंचा है। बाकी 22 प्रतिशत अवैध रूप से फेंक दिया जाता है, यानी पर्यावरण में छोड़ दिया जाता है।

**प्रदूषण को हराने की प्रतिबद्धता दोहराई**

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा, अधिक पेड़ लगाकर, प्रदूषण को कम करके, संसाधनों का संरक्षण करके और स्थिरता को अपनाकर ग्रह की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करें। साथ मिलकर एक हरियाली भरा, स्वस्थ और अधिक उम्मीद भरा भविष्य बना सकते हैं। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत सक्रिय नीतियों और जन जागरुकता से प्रदूषण को हराने के लिए प्रतिबद्धता दोहराता है। साथ मिलकर, आइए हम पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करें, जैव विविधता का संरक्षण करें और एक हरियाली भरा, स्वच्छ भविष्य बनाएं। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा, आइए हम इस पर्यावरण दिवस पर संकल्प लें- प्लास्टिक प्रदूषण को रोकें, प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाएं।और भावी पीढ़ियों के लिए अधिक हरित, स्वच्छ और सुरक्षित पृथ्वी का निर्माण करें।



**धरती का घुट रहा है दम**

*संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, प्लास्टिक हमारे ग्रह का दम घोंट रहा है। जलवायु को नुकसान हो रहा है। इससे नदियों को अवरुद्ध कर समुद्र को प्रदूषित करता है और वन्य जीवन को खतरे में डालता है। अनुमान के मुताबिक विश्व में 11 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा प्रत्येक वर्ष जल से जुड़े पारिस्थितिकी तंत्र में रिसता है, जबकि कृषि उत्पादों में प्लास्टिक के उपयोग के कारण माइक्रोप्लास्टिक मल-मूत्र और लैंडफिल से मिट्टी में जमा हो जाता है।*

# सीमा में घुसकर बांग्लादेश ले गए बाद में किया रिहा, स्थिति कंट्रोल में

एजेंसी ▶▶ कोलकता

*पश्चिम बंगाल में बीएसएफ जवान का अपहरण कर लिया। अपराधी जवान को अपराधी बांग्लादेश की सीमा के अंदर ले गए। फिलहाल जवान को छोड़ दिया गया है। अपहृत जवान की पहचान श्रीगणेश के तौर पर हुई है। बताया जाता है कि कथलिया गांव के पास से बांग्लादेश के चंपई नवाबगंज जिले से होकर कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिए भारत की सीमा में दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे, उसी दौरान जवान ने उन्हें रोका। बाद में मानवीयता दिखाते हुए जवान ने बांग्लादेशी अपराधियों को पास आने दिया, जिसके बाद अचानक वे उग्र हो गए और वे जवान को बांग्लादेश की सीमा में घसीकर ले गए। एक वरिष्ठ बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि जवान को बांग्लादेशी नागरिकों ने अगवा कर लिया था और बंदी बनाकर रखा था, लेकिन जब हमने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के समक्ष इस मुद्दे को उठाया तो कुछ घंटों के भीतर ही उसे रिहा कर दिया गया। जवान अब हमारे साथ है और ठीक है।*

# केवीआईसी ने पीएमईजीपी के अंतर्गत 8794 लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी संवितरित की



**नई दिल्ली।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत मंगलवार को आयोजित एक ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के 8794 लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी संवितरित की गई। यह संवितरण करीब 884 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति के सापेक्ष किया गया। यह आयोजन केवीआईसी से सम्पन्न हुआ, जिसमें केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने लाभार्थियों को सब्सिडी ऑनलाइन माध्यम से जारी की। इस अवसर पर केवीआईसी की सीईओ सुश्री रूप राशि के साथ ही केंद्रीय कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संवितरण कार्यक्रम के अवसर पर अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने एक बयान में कहा, ‟प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन में पीएमईजीपी योजना ने आज भारत में स्व-रोजगार का एक मजबूत और प्रभावी आधार तैयार किया है। खादी और ग्रामोद्योग आज केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत के सपनों का सार है। इस योजना ने लाखों युवाओं को न केवल रोजगार दिया है, बल्कि उन्हें उद्यमशीलता की शक्ति से भी जोड़ा है। इस संवितरण में देश के सभी छह जोन की भागीदारी रही। दक्षिण क्षेत्र के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी के लिए 2445 परियोजनाएं स्वीकृत हुईं, जिसके लिए 80.26 करोड़ रुपये की सब्सिडी संवितरित की गई। मध्य जोन में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड की 2366 परियोजनाओं के लिए 91.13 करोड़ रुपये की सब्सिडी संवितरित की गई। पूर्वी भारत में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल व अंडमान निकोबार और पूर्वोत्तर के असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा के लिए कुल 2167 परियोजनाओं को करीब 62.68 करोड़ की सब्सिडी प्रदान की गई। उत्तर क्षेत्र के हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, राजस्थान की 1320 परियोजनाओं के लिए 41.80 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई। वहीं पश्चिम क्षेत्र के गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा में 496 परियोजनाओं को 24.12 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। इस तरह देशभर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को सशक्त बनाने के लिए यह एक व्यापक और प्रभावी अभियान सिद्ध हुआ।प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) जब से शुरू हुआ है तब से लेकर वित्त वर्ष 2024-25 तक ग्रामीण और शहरी भारत में उद्यमिता और आत्मनिर्भरता का स्तंभ बन चुकी है। योजना के अंतर्गत अब तक कुल 10,18,185 सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना की जा चुकी है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजय कुमार,** पुत्र ओम प्रकाश निवासः हनुमान मंदिर के पास, सुरंग वाली गली के सामने, वार्ड नं. 3, बरवाला, हिसार, हरियाणा ने **FIR No. 226/2015, U/S 33/58 Delhi Excise Act., थाना कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **संजय कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संजय कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 226/2015, U/S 33/58 Delhi Excise Act., थाना कंझावला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजय कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अपूर्व भारद्वाज
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी – 01
उत्तर पश्चिम जिला, कोर्ट नं. 113
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7228/RD/2025 (Court Matter)

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# विदेशी पूंजी प्रवाह से सेंसेक्स 444 अंक चढ़ा

**मुंबई।** विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह और मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच बृहस्पतिवार को आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में करीब 444 अंक और निफ्टी में 131 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती किए जाने की उम्मीद में निवेशकों की सकारात्मक धारणा ने भी बाजार को तेजी दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 443.79 अंक चढ़कर 81,442.04 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 130.70 अंक बढ़कर 24,750.90 अंक पर बंद हुआ।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड | हैफेड कैटल फीड प्लांट, रोहतक और एनिमल फीड प्लांट सकताखेड़ा हेतु कच्चे माल की खरीद के लिए अल्प अवधि ई-निविदा | 04.06.2025 13.06.2025 | 6.43 लाख | www.hafed.gov.in | 1722590520 hafed@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35383/1/88/6 दि. 05.06.25

# केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अभियान के 8वें दिन पंजाब के किसानों से मिले

**चंडीगढ़।** विकसित कृषि संकल्प अभियान' लगभग अपना आधा पड़ाव पूरा कर चुका है। अब-तक लाखों किसान इस अभियान से जुड़ चुके हैं और यह सिलसिला जारी है। इसी के अंतर्गत आज इस अभियान के 8वें दिन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पंजाब के किसानों से संवाद किया। इस अवसर पर पंजाब के कृषि मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर, वैज्ञानिक व अधिकारी कार्यक्रम में शामिल रहे।इस अवसर पर श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों तक विज्ञान व शोध की जानकारी पहुंचाने के लिए और'लैब टू लैंड' को जोड़ने के लिए ही 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत वैज्ञानिक जिस भी गांव का दौरा करते हैं, वहां के क्षेत्र की पूर्व जानकारी लेकर जाते हैं और उसी के अनुसार किसानों से संवाद किया जाता है। मिट्टी के पोषक तत्वों, जलवायु को ध्यान में रखते हुए कौन सी किस्म के जरिए पैदावार को बढ़ाया जा सकता है, उसकी जानकारी दी जाती है। साथ ही वायरस अटैक व कीटनाशकों की भी सही जानकारी दी जाती है। इस अभियान के जरिए खेत की जरूरत के अनुसार ही शोध की दिशा तय करने का काम किया जा रहा है।श्री शिवराज सिंह ने कहा कि आज मैंने ट्रैक्टर चलाकर किसानों की व्यावहारिक समस्या को समझने की कोशिश की। इस अभियान के बाद हर क्षेत्र से जो जानकारियां एकत्र होंगी उसी के आधार पर आगे की कृषि नीतियां बनाई जाएंगीं।श्री चौहान ने कहा कि पंजाब की इस धरा को मैं बारंबार हृदय से प्रणाम करता हूं। यह वो धरती है जिसने कई वर्षों तक पूरे हिंदुस्तान के अन्न के भंडार भरने का काम किया है। एक समय था जब हम अमेरिका का खराब गुणवत्ता वाला गेहूं पीएल 480 खाने पर मजबूर थे।

# चांदी 2,000 रुपए उछलकर 1.04 लाख रुपए प्रति किलो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी 2,000 रुपये उछलकर 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। मजबूत वैश्विक संकेतों के अनुरूप सोने की कीमतों में भी 430 रुपये की तेजी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोना और चांदी में लगातार चौथे सत्र में मजबूती रही। स्थानीय बाजारों में चांदी 2,000 रुपये उछलकर 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि घरेलू बाजार में चांदी की कीमत नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस तेजी को उच्च औद्योगिक मांग, मुद्रास्फीति जोखिम से बचाव के रुख और सीमित वैश्विक आपूर्ति आदि से समर्थन मिला। इससे पहले, 19 मार्च को चांदी ने अपने पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंची थी। सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 430 रुपये बढ़कर 99,690 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 400 रुपये बढ़कर 99,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 01, एम.सी. रोहतक में जाली/जी.टी./मैनहोल कवर का प्रावधान व फिक्सिंग, आईपीबी की मरम्मत, सी.सी. सहित पैच वर्क + 10 कार्य। | 03.06.2025 12.06.2025 | 84.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरा एम.एस.डब्ल्यू. का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन हेतु एजेंसी के चयन के लिए प्रस्ताव हेतु आग्रह। | 04.06.2025 26.06.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35385/1/88/6 दि. 05.06.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | श्रम दरों पर 2 वर्ष (दरें जीएसटी सहित हैं) और एक वर्ष निःशुल्क के लिए स्ट्रीट लाइट सिस्टम का रखरखाव और 3 वर्ष के ऑन/ऑफ प्रचालन सहित निःशुल्क सभी मद के लिए 3 वर्ष के डीएलपी तथा ट्रांसफॉर्मर की 6 वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत। सेक्टर-10, बहादुरगढ़ में 200 केवीए टी/एफ, एचटी लाइन और स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 12.06.2025 | 78.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrtk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35398/1/88/6 दि. 05.06.25

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 5889



**बाएँ से दाए**


1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4


**ऊपर से नीचे**

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 5888 का हल**
















## लगभग ₹44,000 करोड़
### की रेल परियोजनाओं का उपहार

### चिनाब ब्रिज
**(दुनिया का सबसे ऊँचा रेल आर्च ब्रिज)**

- 359 मीटर ऊँचा, 1,315 मीटर लम्बा एवं 467 मीटर का आर्च स्पैन
- जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कौरी एवं बक्कल एरिया को जोड़ने वाला ब्रिज

### अंजी ब्रिज
**(भारत का पहला केबल स्टेड रेल ब्रिज)**

- 725 मीटर लंबा, 290 मीटर का मुख्य स्पैन
- जम्मू और कश्मीर के कटड़ा एवं रियासी जिलों को जोड़ने वाला ब्रिज
- 193 मीटर ऊँचे एकमात्र विशाल पायलन से जुड़ी 96 केबल्स

**का उद्घाटन**

### उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला
**रेल लिंक परियोजना**

- जम्मू और कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने वाली हर मौसम के अनुकूल उन्नत रेल कनेक्टिविटी
- कुल लम्बाई 272 किमी जिसमें टी-50 सुरंग (भारत की सबसे लंबी संचालित सुरंग) सहित 36 सुरंगें और 943 पुल शामिल हैं

**का राष्ट्र को समर्पण**

### 2 वंदे भारत ट्रेनों
**श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - श्रीनगर एवं श्रीनगर - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा**

- श्रीनगर के लिए पहली सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन
- पर्यटन और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा
- कटरा से श्रीनगर तक की यात्रा लगभग 3 घंटों में संभव

**का शुभारंभ**

## नरेन्द्र मोदी
### प्रधानमंत्री
के द्वारा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**नितिन जयराम गडकरी**
केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**डॉ. जितेंद्र सिंह**
केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री

**वी. सोमन्ना**
केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री

**रवनीत सिंह**
केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री

**मनोज सिन्हा**
उपराज्यपाल, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर एवं श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष

**उमर अब्दुल्ला**
मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर

**सुरिंदर कुमार चौधरी**
उपमुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर

**जुगल किशोर**
सांसद (लोकसभा) जम्मू

**आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी**
सांसद (लोकसभा) श्रीनगर

**गुलाम अली**
सांसद (राज्यसभा)

शुक्रवार, 6 जून, 2025 | प्रातः 11:00 बजे | श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कटरा (स्टेडियम)

**भारतीय रेल**

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर देखें
www.indianrailways.gov.in
/RailMinIndia पर हमें फॉलो करें

## चिंतन

# भगदड़ के गुनहगारों को कड़ी सजा मिले

जीत के जश्न ने गहरा जख्म दे दिया है, उन 11 परिवारों को, जिनके वे अपने कभी लौट कर नहीं आएंगे, जिनकी भगदड़ में मौत हो गई। अब चाहे कर्नाटक सरकार, आयोजक, आरसीबी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) प्रबंधन और पुलिस प्रशासन जो भी तर्क दें, दलील दें, सफाई दें, लेकिन जिनकी जान गई है, उनके परिवारों की भरपाई नहीं की सकती है। आईपीएल के 18 वर्ष की यात्रा में आरसीबी की पहली ट्रॉफी जीत का जश्न मनाने के लिए फाइनल के अगले दिन ही बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित करने की जल्दबाजी राज्य के कांग्रेस नेताओं की उस राजनीतिक तत्परता को दिखाती है, जिसमें श्रेय लेने व पब्लिक सेंटिमेंट के माहौल का सियासी फायदा उठाने की कुत्सित भावना होती है। कायदे से विवेचित किया जाए तो, कर्नाटक सरकार, पुलिस प्रशासन से लेकर कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) व आरसीबी प्रबंधन तक सभी इस भगदड़ के लिए बराबर के जिम्मेदार हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) निहायत ही निजी प्रतियोगिता है, इसका सरकार से कोई लेना-देना नहीं है। यह बीसीसीआई का पेशेवर लीग है, जिसमें सबकुछ क्रय-विक्रय के आधार पर तय है। आरसीबी की जीत न कर्नाटक राज्य की जीत है, न कांग्रेस की जीत है, न कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की जीत है व न ही कर्नाटक की जनता की विजय है, केवल और केवल आरसीबी टीम व उसके पीछे लगे निवेशकों की जीत है, फिर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के पदेन लोग किस हैसियत से जीत के जश्न में शामिल हो रहे थे? सरकार ने जनसुरक्षा सुनिश्चित क्यों नहीं की? जश्न मनाने की इतनी जल्दबाजी क्यों थी? आरसीबी प्रबंधन ने संभावित खतरे को क्यों नहीं भांपा? प्रशंसक ही किसी खेल और टीम के उत्साह को बढ़ाते हैं, तो टीम प्रबंधन ने प्रशंसकों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किया? बेंगलुरु में भगदड़ घटना के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार कर्नाटक की मुख्यमंत्री सिद्धरमैया सरकार और बेंगलुरु के पुलिस प्रशासन हैं, जिसने भीड़ की सुरक्षा के सभी नियमों को ताक पर रखकर ऐसे कार्यक्रम को होने दिया। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यहां क्रिकेट स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से मौत और घायल होने के मामले में कारणों की स्थिति रिपोर्ट पेश करने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया है। अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लेने के बाद राज्य को नोटिस जारी करके 10 जून तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया है। बेंगलुरु में क्यूब्बन पार्क पुलिस स्टेशन ने आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) प्रशासनिक समिति और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर के अनुसार, आरोपियों पर संबंधित कानूनी प्रावधानों की धारा 105, 125(1)(2), 132, 121/1, 190 और 3(5) के तहत आपराधिक लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की ईमानदारी से जांच होनी चाहिए और घटना के जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। यह स्वाभाविक हादसा नहीं है, बल्कि मानव नियोजित हादसा है, जिससे बचा जा सकता था। जश्न मनाने का तरीका केवल पब्लिक गेदरिंग ही नहीं है। जश्न के बहाने राजनीति साधने की मंशा भी गलत है। सभी सबक लें। जन सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध हो। प्रशसंकों और नागरिकों का भी अपना विवेक होना चाहिए कि वे अपनी जान जोखिम में डाल कर भीड़ का हिस्सा न बनें।

## मंथन

विकेश कुमार बडोला



# बदलनी होगी मानवनिर्मित आपदाओं की मानसिकता

अधिक जनसंख्या का भिन्न-भिन्न आधारों पर समर्थन करने वाले लोगों के लिए बेंगुलरू में भगदड़ में 11 लोगों की मृत्यु पुनः यही संदेश प्रसारित कर रही है कि अधि जनसंख्या कभी भी कल्याणकारी नहीं होती है। आईपीएल की अंतिम व निर्णायक प्रतियोगिता में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की विजय का उत्सव मनाने चिन्नास्वामी स्टेडियम के समीप अत्यधिक संख्या में एकत्र समर्थकों द्वारा उत्पन्न भगदड़ में मरे, घायल व सार्वजनिक अशांति के कारक भीड़ में जीवित लोगों की मानसिकता पर सच कहूं तो उनके प्रति मानवीय संवेदना नहीं है। यह कैसा उत्सवी आयोजन है! यह क्या मूर्खता है! जिनकी विजयी हुई है वे खिलाड़ी, खिलाड़ियों के स्वामी, खेल के साथ व्यावसायिक व अन्य कारणों से जुड़ी हुई सभी इकाइयां और समूह सभी सुरक्षित हैं। वे क्रिकेट-क्रीड़ा में प्राप्त विजय और अर्जित धन-संसाधन से हर्षोल्लासित हैं। उन्हें कोई व किसी प्रकार की शारीरिक, आर्थिक, व्यावसायिक तथा अन्य हानि नहीं हुई है। तो साधारण व्यक्तियों के पास सार्वजनिक रूप में विशाल संख्या के साथ एकत्र होकर इतनी उत्सवी अधीरता दिखाने का क्या मूर्खतापूर्ण विचार है, जो उन्हें इतना सोचने का समय भी नहीं देता कि इससे अंततः उनमें से कुछ को मृत्यु और कायिक घावों के अतिरिक्त क्या मिला। दुनिया के अनेक युद्धों, प्राकृतिक विपदाओं, आपदाओं, बाढ़, अतिवृष्टि में प्रतिदिन हजारों लोग मर रहे हैं। अपने देश को उदाहरण स्वरूप सम्मुख रख देखें और 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम के आतंकी हमले में दिवंगत 26 व्यक्तियों की मृत्यु को एक मानक बनाकर चलें तो तब से लेकर अब तक भारत में आतंकी हमलों, पाक सेना के थल व वायु सैन्य हमलों, प्राकृतिक आपदाओं, बिजली गिरने, विषैली मदिरा के पान, सड़क दुर्घटनाओं, कोरोना रोग, हत्या, आत्महत्या, कुपोषण, रोग, बेंगलुरू की भगदड़ तथा अन्य कारणों से हजारों लोग मर चुके हैं। वास्तव में यही विज्ञान एवं आधुनिकता का अभिशापित पक्ष है। इस पक्ष की विसंगतियों में वृद्धि होते ही लोगों के जीवन पर सीधे-सीधे मानव निर्मित मृत्यु का संकट मंडराने लगता है। प्रत्यक्ष दोष विज्ञान एवं आधुनिकता का भी नहीं है। दोष है मानवीय अज्ञानता, अविवेक, अधीरता, असंतोष से भरे हुए अहंकार एवं स्वार्थ का। दोषी है स्वयं को सर्वश्रेष्ठ समझने वाला मानवीय स्वभाव। जब देश-दुनिया के सार्वजनिक जीवन में अहंकार के प्रदर्शन में वृद्धि होगी तथा नम्रता व विनम्रता के नेतृत्व में संचालित मानवीयता के समग्र सकारात्मक पक्षों, सद्गुणों एवं सदप्रवृत्तियों में तीव्र कमी होगी, तो किंचित ऐसा ही विघटन होगा। दुनिया की वर्त स्थितियों-परिस्थितियों को देखने का यह एक एकल दृष्टिकोण है। यह दृष्टिदर्शन केवल पृथ्वी के मानवीय अस्तित्व के साथ जुड़कर सार्वजनिक घटन-विघटन, अच्छाई-बुराई, घटना-दुर्घटना और लाभ-हानि का आकलन करता है। जबकि पृथ्वी पर ऐसा होने-घटने के आधारभूत कारक ब्रह्माण्ड की किसी पारिस्थितिकीय शक्ति से जुड़े होते हैं। जो ऐसा मानते हैं, वे धर्मभीरू हैं और ईश्वर के अस्तित्व के समक्ष हर संभव उच्च भाव के साथ नतमस्तक अवस्था में होते हैं। विभिन्न प्राकृतिक व मानव निर्मित आपदायें होने-घटने की योजनायें मानवीय कर्मों के आधार पर पूर्वनिर्धारित हैं। इन्हें कोई व कैसा भी भौतिक विज्ञान रोक नहीं सकता है। प्रकृतिजन्य एवं मनुष्यजन्य आपदाओं की निरंतर वृद्धि ने सिद्ध कर दिया है कि अधिक जनसंख्या यदि मानवीय दुर्गुणों से युक्त होगी, तो वह बैठे-बिठाये ही मनुष्यनिर्मित आपदाएं उत्पन्न करने का कारक बनेगी। हमें मानवनिर्मित आपदाओं में प्राण गंवाने वालों के स्थान पर स्वयं और अपने प्रियजनों को रखकर विचार करना चाहिए कि यदि हम या हमारे प्रियजन ऐसे यूं प्राण गंवाते और देश के जीवित प्रतिष्ठित, विशिष्ट व साधारण जन हमारी दुःखद मृत्यु की उपेक्षा कर हमें भूल जाते तो फिर हमारे होने या न होने का क्या मूल्य होता। देश को प्रयास करने होंगे कि लोग सर्वप्रथम अपने भौतिक-कायिक अस्तित्व का मूल्य समझें। शासन-प्रशासन को भी साधारण लोगों के अस्तित्व को विशिष्ट मान उसकी सुरक्षा के नवीन कार्यक्रम बनाकर उनका दैनिक कठोर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा। अब यह लोकतांत्रिक धारणा भी प्रस्थापित करनी होगी कि जब तक साधारण व्यक्ति को मानसिक-शारीरिक रूप से उच्च सुरक्षा प्रदान नहीं की जायेगी, तब तक विशिष्ट व्यक्तियों की विशिष्टता और बौद्धिकता का कोई व कुछ भी मूल्य नहीं होगा। चाहे जो हो, शासन को मानवनिर्मित आपदाओं की सबसे बड़ी कारक सार्वजनिक अविवेकी मानसकिता में निरंतर सकारात्मक व विवेकपूर्ण परिवर्तन लाना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अस्थिर बांग्लादेश भारत के लिए चुनौती



विश्लेषण

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

भारत के पड़ोस में स्थित बांग्लादेश अब कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी की पूरी गिरफ्त में आ चुका है। यह राजनीतिक दल से कहीं ज्यादा इस्लामिक मूल्यों पर आधारित एक वैचारिक संगठन है। बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान और शेख हसीना के बांग्ला प्रथम पर आधारित धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी संविधान को ख़ारिज कर इस्लामिक मूल्यों पर आधारित राष्ट्र का निर्माण का ख्वाब देखने वाली जमात-ए-इस्लामी के लिए बांग्लादेश की राजनीति का यह अस्थिर दौर वरदान बन गया है। जाहिर है कि राजनीतिक बदलाव के बाद बांग्लादेश में अनिश्चितताएं लगातार बढ़ी हैं और भारत देश के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है।

भाषा, सांस्कृतिक अधिकार, धर्मनिरपेक्षता, शिक्षा, मानवाधिकार और लोकतंत्र की बुनियाद पर टिके बांग्लादेश का भविष्य कट्टरपंथ के अंधेरे में घिरता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत के पड़ोस में स्थित यह देश अब कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी की पूरी गिरफ्त में आ चुका है। जमात-ए-इस्लामी राजनीतिक दल से कहीं ज्यादा इस्लामिक मूल्यों पर आधारित एक वैचारिक संगठन है जो समाज के सभी वर्गों तक कल्याणकारी सेवाओं को पहुंचाकर व्यापक प्रभाव कायम कर चुका है। बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान और शेख हसीना के बांग्ला प्रथम पर आधारित धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी संविधान को ख़ारिज कर इस्लामिक मूल्यों पर आधारित राष्ट्र का निर्माण का ख्वाब देखने वाली जमात-ए-इस्लामी के लिए बांग्लादेश की राजनीति का यह अस्थिर दौर वरदान बन गया है। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस और देश की न्यायपालिका के जमात-ए-इस्लामी को मजबूत करने वाले फैसलों से बांग्लादेश की विविधता के खत्म होने की आशंका गहरा गई है।

दरअसल जमात-ए-इस्लामी पाकिस्तान से बांग्लादेश के अलग होने का विरोध करती रही है और यही कारण है कि एक राजनीतिक दल के रूप में इसके प्रभाव को रोकने के लिए इसे वैधानिक रूप से प्रतिबंधित रखा गया था। अब बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जमात-ए-इस्लामी पर से वह प्रतिबन्ध हटाने के साथ ही यह सुनिश्चित हो गया है कि आगामी आम चुनावों में यह कट्टरपंथी दल एक मजबूत दावेदार के रूप में भागीदारी करेगा और यह स्थिति बांग्लादेश के साथ ही भारत की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा का संकट बढ़ा सकती है। जमात-ए-इस्लामी के उद्देश्य बेहद स्पष्ट हैं, पाकिस्तान से मजबूत संबंध तथा बांग्लादेश में इस्लामिक मूल्यों पर आधारित व्यवस्था की स्थापना करना। इस संगठन के कई सहयोगी उप-संगठन हैं, जो विभिन्न सामाजिक, छात्र, महिला और धार्मिक गतिविधियों में शामिल होते हैं। ये उप-संगठन अक्सर जमात की विचारधारा को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। जमात-ए-इस्लामी की राजनीतिक विचारधारा इस्लामी धार्मिक सिद्धांतों पर आधारित है। इसके संस्थापक नेता अबुल-अला-मौदूदी इस्लामी सरकार और शरिया क़ानून की वकालत करते थे। ऐसा माना जाता है कि जमात-ए-इस्लामी के सामाजिक और कल्याणकारी कार्यों से देश के लगभग सभी राजनीतिक दलों, सेना और प्रशासन में इसकी पैठ है। इसका फायदा राजनीतिक परिणामों में जनसमर्थन के रूप में व्यापक रूप से देखने को मिल सकता है। 1971 में बांग्लादेश के एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आने के बाद धार्मिक अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों को लेकर यह देश हमेशा आलोचना में रहा है। हालांकि शेख हसीना के कार्यकाल में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने की कोशिशों को व्यापक सफलता मिली थी।

इन सबके बीच जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों ने देश में हिन्दू, बौद्ध और ईसाईयों को निशाना भी बनाया है। जमात-ए-इस्लामी को कुछ कट्टरपंथी और आतंकी संगठनों का भी समर्थन हासिल रहा है जिसमें जमातुल मुजाहिदीन बांग्लादेश या जेएमबी तथा हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी बांग्लादेश या हूजी प्रमुख हैं। हूजी का पाकिस्तान से गहरा संबंध है, इसका गठन 17 बांग्लादेशी मुजाहिदीन द्वारा किया गया था, जो कथित तौर पर अल-कायदा से वित्तीय मदद लेकर अफगानिस्तान से लौटे थे। हूजी का उद्देश्य युद्ध छेड़कर और प्रगतिशील बुद्धिजीवियों की हत्या करके देश में इस्लामी शासन स्थापित करना है। यह ओसामा बिन लादेन और तालिबान से प्रेरणा लेता है। एक समय में, इसने एक नारा जारी किया था, अमरा सोबाई होबो तालिबान, बांग्ला होबे अफगानिस्तान अर्थात हम सभी तालिबान बनेंगे और हम बांग्लादेश को अफगानिस्तान में बदल देंगे। भारत के केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अपनी 2007-2008 की वार्षिक रिपोर्ट में भारत में आतंकवादी हमलों में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और बांग्लादेश स्थित हूजी की भूमिका को स्पष्ट किया था।



इन तीनों संगठनों से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। हूजी के पूर्वोत्तर के राज्यों के कई अलगाववादी संगठनों से संबंध रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भी हूजी के भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, चेचन्या, उज्बेकिस्तान, मयांमार, बांग्लादेश, ईरान, मलेशिया, फिजी, आयरलैंड, यूके, यूएस, फिलीपींस, पश्चिम एशिया और अफ्रीका तक आतंकी समूहों से सम्बन्ध सामने आये हैं। जनवरी 2009 से अगस्त 2024 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के रूप में शेख हसीना का कार्यकाल रहा था। उनके 15 साल के प्रधानमंत्रित्व काल में कट्टरपंथी और आतंकी समूहों पर लगाम लगाई गई जिसका फायदा भारत को भी लगातार मिला। इस समय भारत और पाकिस्तान के सम्बन्ध बेहद खराब है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर तनाव है। कूटनीतिक और सामरिक मोर्चों पर भारत को चीन की नित नई चुनौतियां मिल रही हैं।

बांग्लादेश के अंतरिम नेता मोहम्मद यूनुस भारत विरोधी ताकतों से लगातार हाथ मिला रहे हैं। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सीमाएं सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील मानी जाती हैं। शेख हसीना के कार्यकाल में इस समूचे क्षेत्र में भारत विरोधी शक्तियों को न केवल सख्ती से रोक दिया गया था बल्कि उन पर कड़ी कार्रवाई भी की गई थी। लेकिन अब स्थितियां पूरी तरीके से बदल चुकी हैं। मुहम्मद यूनुस ने पाकिस्तान और चीन के साथ मिलकर भारत को सामरिक रूप से चुनौती देने वाले कई कार्य किए हैं। भारत बांग्लादेश में किसी लोकप्रिय सरकार के सत्ता में आने का इंतजार कर रहा है जिससे दोनों देशों के संबंध सामान्य और मजबूत हो सकें। वहीं बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों का प्रभाव बेहद बढ़ा हुआ दिखाई दे रहा है जो भारत विरोध के रूप में बार-बार सामने आ रहा है। जमात-ए-इस्लामी पर से प्रतिबन्ध हटने से भारत विरोध और अल्पसंख्यकों पर अत्यचारों में तीव्रता आ सकती है। बांग्लादेश में इस समय जिस तरह से अस्थिर और अप्रत्याशित राजनीतिक हालात बन गये हैं, उससे शेख हसीना की अवामी लीग का सत्ता में लौटना मुमकिन नहीं लगता।

अपदस्थ बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना पर आपराधिक मुकदमें दर्ज कर उनकी पार्टी अवामी लीग को भी अप्रासंगिक बना दिए जाने की सरकारी कोशिशें अंतरिम सरकार के द्वारा लगातार की जा रही हैं। स्वाभाविक तौर पर इसका फायदा जमात-ए-इस्लामी को मिल सकता है। आम चुनावों में जमात-ए-इस्लामी सत्ता में आ सकती है या सत्ता में मजबूत भागीदार हो सकती है। इन दोनों संभावनाओं में बांग्लादेश को संविधानिक परिवर्तनों से गुजरने की आशंकाएं बढ़ सकती हैं जो अंततः इस देश को तालिबान आधारित सत्ता की ओर धकेल देगी। जाहिर है कि राजनीतिक बदलाव के बाद बांग्लादेश में अनिश्चितताएं लगातार बढ़ी हैं, भारत के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## संबंध मजबूत रखने के लिए इन बातों की गांठ बांधें



संकलित

दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

## ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादी नहीं, ठगी का धंधा

भारत में शादियों को लेकर एक सांस्कृतिक उत्सव, पारिवारिक प्रतिष्ठा और भावनात्मक जुड़ाव की भावना जुड़ी होती है। लेकिन जब इस पवित्र रिश्ते को ठगों का व्यवसाय बना दिया जाए, तो यह सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज के विश्वास की हत्या होती है। हरियाणा के हिसार से सामने आया ताजा मामला इसी सामाजिक बीमारी की खतरनाक तस्वीर पेश करता है, जहां दुल्हन, उसके माता-पिता और पूरा रिश्ता ही नकली निकला। यह घटना सिर्फ एक समाचार नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी है : 'अब भी नहीं चेते तो हर घर को अपनी आबरू खुद बचानी होगी।' हिसार पुलिस ने हाल ही में ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो विवाह के नाम पर लोगों को ठगने का कारोबार चला रहा था। इस पर रोक लगनी चाहिए।

*- निर्मल अवस्थी, कांकेर*

## ट्रेंड

### सिंदूर का पौधा

साहस और पराक्रम की अद्भुत मिसाल कच्छ की वीरांगनाओं ने हाल ही में गुजरात के दौरे पर मुझे सिंदूर का पौधा भेंट किया था। विश्व पर्यावरण दिवस पर आज मुझे उस पौधे को नई दिल्ली के प्रधानमंत्री आवास में लगाने का सौभाग्य मिला है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### पर्यावरण सुरक्षा जरूरी

पर्यावरण संरक्षण को लेकर आज पूरी दुनिया मे चिंता है। पर्यावरण बचेगा, जंगल, पेड़-पौधे, नदियां बचे रहेंगे तो मानव जीवन भी संरक्षित रहेगा। झारखण्ड के नाम से ही एक चित्र आंखों के सामने आता है कि जंगल, नदी, पहाड़ से भरा यह राज्य है।

**- हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखण्ड**



### पर्यावरण संरक्षण की शपथ

पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने और पर्यावरण के अनुकूल, टिकाऊ जीवनशैली अपनाने की सामूहिक शपथ ली। आइए प्रदूषण को कम करने और स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हों। हर कार्य मायने रखता है।

**- एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्रप्रदेश**



### प्राकृतिक उत्पादों का चयन

प्लास्टिक का बुद्धिमानी से उपयोग व टिकाऊ, प्राकृतिक उत्पादों का चयन करना चाहिए। अगर हम प्लास्टिक का दोबारा उपयोग करने या उसे नकारने का संकल्प लें, तो दुनिया एक बेहतर जगह बन जाएगी।

**- श्री श्री रविशंकर, आध्यात्मिक गुरु**



## करंट अफेयर

# वियतनाम ने दो बच्चों की नीति को किया खत्म



वियतनाम ने घटती हुई जन्म दर को रोकने और देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के दबाव को कम करने के प्रयास के तहत लंबे समय से लागू दो बच्चों की अपनी नीति को समाप्त कर दिया है। वियतनाम की सरकारी समाचार एजेंसी ने बुधवार को बताया कि नेशनल असेंबली ने उन नियमों को खत्म करने के लिए संशोधन पारित किया है, जो परिवारों को एक या दो बच्चे पैदा करने की ही अनुमति देते थे। मौजूदा समय में वियतनामी परिवारों में पहले की तुलना में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं। वियतनाम में वर्ष 2021 में जन्म दर प्रति महिला 2.11 बच्चे थी, जो कि लंबे समय में जनसंख्या में कमी से बचने के लिए आवश्यक प्रतिस्थापन दर से थोड़ा अधिक है। तब से, जन्म दर में लगातार गिरावट आई है : 2022 में जन्म दर 2.01, 2023 में 1.96 और 2024 में यह घटकर 1.91 रह गयी। वियतनाम कम प्रजनन दर वाला एकमात्र एशियाई देश नहीं है। लेकिन जापान, दक्षिण कोरिया या सिंगापुर के विपरीत यह अभी तक एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। वियतनाम की राजधानी हनोई में मार्केटिंग मैनेजर 37 वर्षीय गुयेन थू लिन्ह ने कहा कि उन्होंने और उनके पति ने केवल एक ही बच्चा पैदा करने का निर्णय लिया, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि वे अपने छह वर्षीय बेटे को सर्वोत्तम शिक्षा और पालन-पोषण दे सकें।

## ऑफ बीट

# संतान पालने को मजबूत साझेदारी बनाते हैं पक्षी



कई अन्य प्रजातियों में भी संतान को पालने के लिए दीर्घकालिक साथी चुनने की ऐसी ही व्यवस्था है। जब ये जोड़े अलग हो जाते हैं तो इसका क्या प्रभाव पड़ता है? अधिकतर पक्षी जोड़े के रूप में संतानों को पालने के लिए मजबूत साझेदारी बनाते हैं। शिशु पक्षियों को पालना एक गहन काम है। घोंसले में दोनों (माता-पिता) का होना अकसर चूजों के जीवित रहने के लिए आवश्यक होता है। सेशेल्स वार्बलर प्रजाति भी इसका कोई अपवाद नहीं है। ये छोटे आकार के गीत पक्षी केवल मेडागास्कर के उत्तर-पूर्व में सेशेल्स में रहते हैं। ये अकसर जीवन भर के लिए जोड़ी बनाते हैं और एक साथ मिलकर रहते हैं। छोटे आकार की इस चिड़िया की सबसे लंबी साझेदारी 15 साल दर्ज की गई है। हालांकि, इन वार्बलर के लिए भी पारिवारिक जीवन हमेशा सही नहीं होता। सभी वार्बलर जोड़ों में से, लगभग सात में से एक (14 प्रतिशत) अलग हो जाते हैं। इन मामलों में, माता-पिता में से एक अपना क्षेत्र छोड़ देता है और अन्यत्र नया साथी ढूंढ़ता है, जबकि उनके मूल घोंसले में अब भी अंडा या नवजात बच्चा मौजूद होता है। हमने उन पक्षियों के बच्चों के तनाव के स्तर को मापा जो अपने माता-पिता के रिश्ते के खत्म होने से ठीक पहले पैदा हुए थे।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## प्रदेशभर से 54 टीमें दिखा रही दमखम, 7 जून को होगा समापन

# दूसरे दिन राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हुए रोचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से राजीव गांधी खेल परिसर स्थित साई सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दूसरे दिन वीरवार को लड़के, लड़कियों के वर्ग में रोचक मुकाबले हुए। खिलाड़ियों में पूरा जोश देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी संदीप मौर ने बताया कि इसमें प्रदेश भर के हर जिले से करीब 500 लड़के, लड़कियां भाग ले रहें हैं। दोनों वर्गों की 27-27 टीमें बनाई गई हैं। प्रतियोगिता का समापन 7 जून को किया जाएगा। मुकाबलों को देखकर इस बात का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि खिलाड़ी पूरी तैयारी के साथ रिंग में उतरे हैं।







## दोनों वर्गों की 27-27 टीमें बनाई, 500 लड़के, लड़कियां भाग ले रहे

### लड़कियों के परिणाम

| नाम | जिला |
|---|---|
| **46 किलोग्राम** | |
| गुंजन | हिसार |
| भूमि | रोहतक |
| राखी | भिवानी |
| निश्चल | पंचकुला |
| **48 किलोग्राम** | |
| चक्षू | जींद |
| जिया | पानीपत |
| साक्षी | रेवाड़ी |
| नेंसी | कैथल |
| **50 किलोग्राम** | |
| मानवी | केपीएल |
| महक | कुरुक्षेत्र |
| अन्नु | हिसार |
| काफी | भिवानी |
| **52 किलोग्राम** | |
| सिरमन | जींद |
| खुशिका | हिसार |
| स्नेहा | कुरुक्षेत्र |
| कुदरत | भिवानी |
| **54 किलोग्राम** | |
| स्नेहा | पंचकुला |
| दीक्षा | चरखीदादरी |
| प्रीति | कुरुक्षेत्र |
| अंजली | हिसार |
| **57 किलोग्राम** | |
| परिकुंतल | फरीदाबाद |
| साक्षी | हिसार |
| यशिका दहिया | सोनीपत |
| फरेया मेहता | पलपल |
| **60 किलोग्राम** | |
| चाहत | फरीदाबाद |
| तरुणा | साईएच |
| समायरा | सिरसा |
| तन्नू | मेवात |
| **63 किलोग्राम** | |
| हिमांशी | भिवानी |
| तन्नू संधू | कैथल |
| दिया | साईबी |
| आक्षी | झज्जर |
| **66 किलोग्राम** | |
| माही | साईएच |
| प्रिया | साईबी |
| खनक | पानीपत |
| यशिका | रोहतक |
| **70 किलोग्राम** | |
| वंशिका | पानीपत |
| प्रिया | कैथल |
| सम्भवी | रोहतक |
| हिमांशी | गुरुग्राम |
| **75 किलोग्राम** | |
| ज्योति | रेवाड़ी |
| रितूजा | झज्जर |
| संध्या | रोहतक |
| **80 किलोग्राम** | |
| अंशिका | चरखदादरी |
| अनुशका | सोनीपत |
| कीर्तिका | भिवानी |
| भूमिका | गुरुग्राम |

### लड़कों के परिणाम

| नाम | जिला |
|---|---|
| **46 किलोग्राम** | |
| समीर | करनाल |
| उदय सिंह | चंडीगढ़ |
| नीतिन | झज्जर |
| आरनव | रोहतक |
| **48 किलोग्राम** | |
| फलक | सोनीपत |
| धीरज | रोहतक |
| नवीन | साईएच |
| विराज | गुरुग्राम |
| **50 किलोग्राम** | |
| वंश | गुरुग्राम |
| अंशु | पानीपत |
| अभिनव | साईएच |
| **52 किलोग्राम** | |
| वंश | पानीपत |
| हर्षित | हिसार |
| आदित्य | साईबी |
| मयंक | करनाल |
| **54 किलोग्राम** | |
| समीर | कैथल |
| आशु | सोनीपत |
| आशीष | सोनीपत |
| कुलजीत | भिवानी |
| **57 किलोग्राम** | |
| ईशांत | हिसार |
| रितेश | फरीदाबाद |
| नैतिक | रोहतक |
| **60 किलोग्राम** | |
| मोहित | महेंद्रगढ़ |
| सावन | भिवानी |
| शिवम | करनाल |
| गौरव | रोहतक |
| **63 किलोग्राम** | |
| शिवसागर | कैथल |
| विशाल | झज्जर |
| आर्यन | साईबी |
| आर्नव | यमुनानगर |
| **66 किलोग्राम** | |
| कुनाल | सोनीपत |
| नैतिक | गुरुग्राम |
| निखिल | कुरुक्षेत्र |
| **70 किलोग्राम** | |
| रितेश | कुरुक्षेत्र |
| ओमप्रकाश | रेवाड़ी |
| **75 किलोग्राम** | |
| आर्यन | पानीपत |
| कुनाल | गुरुग्राम |
| आर्यन | हिसार |
| कार्तिक | सोनीपत |
| **80 किलोग्राम** | |
| दक्ष | रोहतक |
| देवांश | हिसार |
| सुमित | झज्जर |
| परमीत | पानीपत |
| **80 से ज्यादा-किलोग्राम में** | |
| अमन | साईबी |
| आयुष | सोनीपत |
| शिवोम | भिवानी |
| चिरागदीप | कैथल |

## खबर संक्षेप



### थाईलैंड ने मैत्री मैच में भारत को 2-0 से हराया

**बैंकॉक।** भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर से कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में थाइलैंड से हार का सामना करना पड़ा। मैच के आठवें मिनट में बेन डेविस के गोल करने के बाद भारत के पास वापसी करने के लिए कोई मौका नहीं बचा। भारत यह मैच 0-2 से हार गया। यह मैच अंतरराष्ट्रीय पथुम थानी के रंगसिट में थम्मासैट स्टेडियम में खेला गया।

### अगले आईपीएल में करूंगा बेहतर प्रदर्शन

**मुंबई।** अपने पदार्पण सत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहना है कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। सूर्यवंशी ने अप्रैल में जयपुर में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 गेंद में सात चौकों और 11 छक्कों से 101 रन की पारी के दौरान किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक (35 गेंद में) का रिकॉर्ड बनाया था। इस तूफानी पारी के दौरान सूर्यवंशी 14 साल और 32 दिन की उम्र में पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए।



### पूर्व क्रिकेटर सेनानायके मैच फिक्सिंग के दोषी

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को हम्बनटोटा उच्च न्यायालय ने लंका प्रीमियर लीग के दौरान साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिए ललचाने का दोषी पाया है। अटार्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश में हाल ही में शुरू किए गए भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत राष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी को पहली बार मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है। उन्हें 2023 में गिरफ्तार करके जमानत पर छोड़ दिया गया था।



### दिल्ली चेस में 1.21 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि

**नई दिल्ली।** दिल्ली अंतरराष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता के 21वें सत्र का आयोजन सात से 14 जून तक होगा जिसमें 15 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ रुपए होगी। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में तीन रेटिंग आधारित वर्गों में 20 ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेंगे।

## भारतीय ए टीम और इंग्लैंड लायंस के बीच होगा मुकाबला

# गिल-सुदर्शन की एंट्री, राहुल करेंगे रनों की बारिश, आज से दूसरा फर्स्ट-क्लास मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुभमन गिल और साई सुदर्शन से लेकर केएल राहुल जैसे बड़े सितारे शुक्रवार से इंग्लैंड की सरजमीं पर एक्शन में दिख सकते हैं। भारत और इंग्लैंड की टेस्ट सीरीज वैसे तो 20 जून से शुरू होनी है, लेकिन उससे पहले इंडिया-ए बनाम इंग्लैंड लायंस दूसरा फर्स्ट-क्लास मैच 6 जून से खेला जाएगा। बता दें कि दोनों टीमों का पहला मैच रद्द हो गया था, जिसमें इंडिया-ए के लिए करुण नायर ने 204 रनों की शानदार पारी खेली थी। अब जानिए दूसरे फर्स्ट-क्लास मैच में भारत की प्लेइंग इलेवन कैसी दिख सकती है?

अभिमन्यू ईश्वरन टीम की कप्तानी कर रहे होंगे, जो पहले मैच में सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए थे। केएल राहुल पुष्टि कर चुके हैं कि वो इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहने वाले हैं। राहुल को इंग्लैंड सीरीज के लिए भारतीय स्क्वाड में भी स्थान मिला है, जिन्हें ओपनिंग के विकल्प के तौर पर भी देखा जा रहा है। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ यशस्वी जायसवाल पहली पारी में फेल हुए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 64 रन बना डाले थे।



### गिल-साई टीम में शामिल

*आईपीएल 2025 में ऑरेंज कैप जीतने वाले साई सुदर्शन को भी इंडिया-ए टीम में जगह मिली थी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 759 रन बनाए थे। वहीं भारतीय टेस्ट टीम के नवनिर्वाचित कप्तान शुभमन गिल भी दूसरे मैच में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। गिल, आईपीएल 2025 में 650 रन बनाकर आ रहे हैं। नितीश कुमार रेड्डी और ध्रुव जुरेल ने दूसरी पारी में क्रमशः नाबाद 52 और 53 रनों की पारी खेली थी।*

#### बाहर बैठेंगे नायर

पहले मैच में डबल सेंचुरी बनाने वाले करुण नायर टीम से बाहर बैठ सकते हैं, जिन्हें पहले मैच में अपना खेल दिखाने के लिए काफी समय मिला था। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के मद्देनजर नायर की जगह केएल राहुल को देकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा गेम-टाइम देने का प्रयास किया जा सकता है।

**इंडिया-ए टीम** :अभिमन्यू ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, नितीश रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, हर्ष दुबे/तनुष कोटियन, अंशुल कंबोज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

### टेस्ट : टंग-कुक नए चेहरे, वोक्स की वापसी, इंग्लैंड टीम का ऐलान

**लंदन।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। बेन स्टोक्स टीम की अगुआई करेंगे। इस टीम में जोश टंग और सैम कुक नया चेहरा होंगे। वहीं, क्रिस वोक्स की वापसी हुई है। टंग और वोक्स भारत-ए के खिलाफ छह जून से शुरू हो रहे अनधिकृत मैच में इंग्लैंड लायंस टीम का भी हिस्सा हैं। वहीं, जेमी ओवरटन की भी वापसी हुई है। टंग और कुक हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट में टीम का हिस्सा रहे थे। टंग मध्यम तेज गति के गेंदबाज हैं, जबकि कुक दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके अलावा ओवरटन भी खेलते दिखेंगे, जो तेज गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। टीम को गस एटकिंसन की कमी खलेगी, जो चोटिल होने की वजह से पहले टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ओवरटन की 2022 के बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। 31 वर्षीय इस गेंदबाज को हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे मैच में अंगुली में चोट लगी थी, लेकिन उन्हें मेडिकल टीम की निगरानी में रखा गया है और उनके मैच से पहले फिट होने की उम्मीद है।

#### भारत के इंग्लैंड दौरे का शेड्यूल

| मैच | तारीख | स्थान |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 20-24 जून | लीड्स |
| दूसरा टेस्ट | 2-6 जुलाई | बर्मिंघम |
| तीसरा टेस्ट | 10-14 जुलाई | लंदन |
| चौथा टेस्ट | 23-27 जुलाई | मैनचेस्टर |
| पांचवां टेस्ट | 31 जुलाई - 4 अगस्त | लंदन |

**इंग्लैंड की टीम** : बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

## यह भयावह त्रासदी...

# बेंगलुरु भगदड़ पर क्रिकेट जगत ने जताया शोक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान 11 लोगों की मौत पर शोक जताते हुए कहा कि यह बहुत ही भयावह त्रासदी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 18 साल बाद पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के जश्न के दौरान भगदड़ में 11 लोग मारे गए और 30 से अधिक घायल हुए हैं। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, 'बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जो भी हुआ, वह भयावह है। हर प्रभावित परिवार के प्रति मेरी संवेदनाए। सभी को सुकून और शक्ति मिले।' दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने लिखा, 'चिन्नास्वामी स्टेडियम पर हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थना।' भारत के पूर्व कप्तान और कोच और बेंगलुरु के रहने वाले अनिल कुंबले ने इसे क्रिकेट के लिए दुखद दिन करार दिया। उन्होंने लिखा, 'क्रिकेट के लिए दुखद दिन।

आरसीबी की जीत का जश्न मनाने में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना।' युवराज सिंह ने लिखा, 'जश्न का पल अकल्पनीय त्रासदी में बदल गया। बेंगलुरु हादसे से प्रभावित हर एक के प्रति मेरी संवेदना। दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और उनके परिवार को शक्ति।'

# सात्विक और चिराग क्वार्टर फाइनल में, सिंधू इंडोनेशिया ओपन में हारी

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। वर्ष 2023 के चैंपियन सात्विक और चिराग ने दबाव में शानदार जज्बा दिखाते हुए रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की दुनिया की 16वें नंबर की जोड़ी को 68 मिनट में 16-21, 21-18, 22-20 से हराया। पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में प्रतियोगिता में अब भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेगी। इससे पहले निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधू को दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।



### मिश्रित युगल जोड़ी को मिली हार

भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला युगल जोड़ी भी हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। सतीश और आद्या को देचापोल पुआवारानुक्रो और सुपिसारा पेइवसाम्प्रान की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 25 मिनट में 7-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी। गायत्री और त्रीशा को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो की जापान की जोड़ी के खिलाफ 46 मिनट में 13-21, 22-24 से शिकस्त मिली।

## क्रिकेट

# बल्लेबाजी पर काम करना बतौर कप्तान आसान नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि शुभमन गिल को अपनी टेस्ट बल्लेबाजी पर काम करना होगा। इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी के बीच उसे बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। पोंटिंग ने कहा कि कप्तानी के शुरुआती दौर में गिल इस क्रम पर उतर सकते हैं। पोंटिंग ने कहा, 'गिल का सफेद गेंद के प्रारूप में फॉर्म जबर्दस्त है। उसे टेस्ट बल्लेबाजी में कुछ काम करना होगा। अगर आप नए कप्तान हैं तो यह आसान नहीं होता। नए कप्तान के लिए अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचना आसान नहीं होता।'' उन्होंने कहा कि भारत ने गिल को कप्तान बनाकर सही फैसला लिया है । दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान पोंटिंग ने कहा कि गिल लंबे समय तक कप्तानी करेंगे।

### डब्ल्यूपीएल, प्रदेश लीग से मिल सकता है राजस्व

**नई दिल्ली।** अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि डब्लूपीएल और विभिन्न प्रादेशिक लीग ने साबित कर दिया है कि देश में महिला क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और आर्थिक रूप से मजबूत भी। मंधाना पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स की कप्तान होंगी। उन्होंने कहा, 'महिला क्रिकेट को इस तरह का मंच मिलना अद्भुत है। प्रदेश संघों और डब्लूपीएल ने भी इसमें काफी मदद की है। इससे साबित होता है कि महिला क्रिकेट राजस्व बना सकता है जो बहुत अच्छी बात है।'

# गनीमत चयन ट्रायल में 166 अंक के स्कोर से बनी शीर्ष भारतीय



**भोपाल।** पंजाब की गनीमत सेखों ने शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (टी3) के क्वालिफिकेशन में 116 का शीर्ष स्कोर बनाकर महिला स्कीट में भारत की रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य अकादमी निशानेबाजी परिसर में बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में उनके राज्य के ही अभय सिंह सेखों ने पुरुषों की टी3 प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन में 120 का शीर्ष स्कोर बनाकर पुरुषों की स्कीट रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों निशानेबाज हालांकि फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। गनीमत 60 निशाने की निर्णायक श्रृंखला में 40वें निशाने के बाद बाहर हो गईं और उन्होंने कुल 32 सही निशाने लगाए। अभय ने फाइनल में 35 सटीक निशाने लगाए। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरुका ने शानदार प्रदर्शन के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में 60 में से 58 अंक हासिल किए। महिला वर्ग में राजस्थान की दर्शना राठौर ने 60 में से 50 अंक के साथ खिताब जीता।

**उत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-03/2025-26 दिनांक 23.05.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**क्र.सं** 1 **निविदा संख्या** 30-विधुत-03/2025-26 (ओपन टेंडर) **कार्य का नाम** अंबाला मंडल में एडीईएन/चंडीगढ़ के अधीन एसएसई/वर्क्स-एम/अंबाला कैंट के सेक्शन में विभिन्न कार्यालय भवनों के निर्माण से संबंधित विद्युत कार्य, एनजी डिपो, कालका और शिमला में एयर कंप्रेसर के लिए स्थिर 3 चरण बिजली आपूर्ति व्यवस्था का प्रावधान और घग्गर में जीर्ण-शीर्ण घटिया स्टाफ क्वार्टर टाइप_II/4 इकाइयों, लालरू में टाइप-II/4 इकाइयों, अंबाला चंडीगढ़ सेक्शन पर धुलकोट में. टाइप-II/3 इकाइयों का प्रतिस्थापन के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य. **लगभग लागत (रु.)** Rs. 5100753.56 **बोली प्रतिभूति (रु.)** Rs. 102000.00 **पूर्ण होने की अवधि** 03 महीने, **बंद करने और खोलने की तिथि** 17.06.2025

1) निपिदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट WWW.IREPS.Gov.in पर लॉग ऑन करें 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 1671/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नरवाना | खेड़ी लाम्बा ड्रेन आरडी 0 से 8500 (2025) तक आंतरिक सफाई जैसे जल कुम्भी, कीचड़ की वनस्पति और अवरोध इत्यादि को हटाना। | 02.06.2025 07.06.2025 | 1.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |
| 2 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में मेडिकल गैसेज की रिफिलिंग हेतु व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 10.06.2025 24.06.2025 | ईएमडी 3.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 3 | लोनिवि भ व प, गुरूग्राम | वर्ष 2025-26 हेतु हिसार जिले में 05 अदद ओडीआर रोड के सी/वी में पौधारोपण कार्य का ए/एम (12 माह हेतु सी/वी में पौधारोपण कार्य का रखरखाव, लेबर कार्य केवल और जल टैंकर को भरना) (लागत के सार के अनुरूप कार्य का विवरण) (पुनः आमंत्रण) + 1 अन्य कार्य। | 03.06.2025 09.06.2025 | 27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज गन्नौर | गांव पट्टी ब्राह्मणा, स्कीम का नाम डी प्लान 2025-26 ब्लॉक गन्नौर, डिवीजन का नाम सोनीपत में शैड (शमशान घाट में बरामदा) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 10.06.2025 | 5.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज गन्नौर | गांव खिजारपुर अहीर ब्लॉक गन्नौर में चांद पुत्र रामपाल के खेत से रमेश पुत्र बाबूराम के खेत तक रास्ता का निर्माण, डी प्लान 2025-26, सामान्य एसस-7.80 एल + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.06.2025 | 19.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168237223 sdoprganaur1@gmail.com |
| 6 | आयुष निदेशालय, हरियाणा कुरूक्षेत्र | बैक पर स्थल विवरण सहित समारोह स्लोगन (एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगा) और फ्रंट पर आईडीवाई लोगो (मल्टीकलर) वाली 1,00,000 राउंड-नेक व्हाइट टी-शर्ट्स (160 जीएसएम) की खरीद। | 05.06.2025 12.06.2025 | 1 करोड़ | www.kurukshetra.gov.in | 9416377153 daokkr13@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/120/35414/I/88/6 दि. 05.06.25




## खबर संक्षेप

### द्वारकाः गोमती नदी में डूबने से 7 की मौत

**अहमदाबाद।** द्वारका में बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा कि द्वारका की गोमती नदी में 7 लोगों की डूबने से मौत हो गई। मरने



वालों में चार युवक और तीन युवतियां हैं। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की टीम ने डूबते हुए लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया है। फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय लोगों ने मिलकर डूबते हुए लोगों को बचाने की कोशिश की थी। इस दौरान इस घटना में एक युवती की मौत हो गई, जबकि दूसरी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं।

### शर्मिष्ठा को मिली अंतरिम जमानत

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी वाला वीडियो पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार की गई



इंफ्लोएंसर शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने पनोली को 10,000 रुपए का जमानत बांड भरने का निर्देश दिया है। इससे पहले पुणे की लॉ छात्रा शर्मिष्ठा पनोली को सोशल मीडिया पर अपनी विवादित टिप्पणी से जुड़ा वीडियो अपलोड करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। उन पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है।

### हज के लिए सऊदी पहुंचे 15 लाख से ज्यादा विदेशी

**अराफात।** सऊदी अरब में इस साल हज के लिए 15 लाख से



ज्यादा विदेशी पहुंचे हैं। हज मंत्रालय के प्रवक्ता गस्सान अल-नुवैमी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले साल 1,611,310 विदेशी हज यात्रा के लिए सऊदी पहुंचे थे। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि सऊदी अरब से कितने जायरीन हज में भाग ले रहे हैं। हज मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को अराफात में हाजियों का तांता लगा रहा।

## लोगों को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए

# राजग सरकार गरीबों के कल्याण, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध : पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित है और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राजग सरकार अपने 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराने के लिए जन संपर्क अभियान शुरू करेगी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि राजग सरकार ने पिछले एक दशक से अधिक समय में सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेश पर ध्यान केंद्रित कर कई लोगों को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

- 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों से करवाएगी अवगत
- भारतीय जनता पार्टी चलाएगी जन संपर्क अभियान
- सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेश पर ध्यान केंद्रित
- पीएम ने मंत्रालयों से ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा

### मोदी नौ जून को लगातार तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा करेंगे



'मोदी नौ जून को अपने लगातार तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा करेंगे। इसी के साथ सत्ता में उनके निर्बाध 11 वर्ष पूरे होंगे। प्रधानमंत्री ने बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्रालयों से ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए तेजी से काम करने को कहा। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि वे जनता तक पहुंचकर सरकार की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में उन्हें बताएं।

### अनेक योजनाएं चलाई

उन्होंने कहा कि राजग ऐसे समावेशी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी प्रमुख योजनाएं गरीबों के जीवन में बदलाव लेकर आई हैं। उन्होंने लिखा, "प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है। डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण), डिजिटल समावेशन और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देकर पारदर्शिता और अंतिम छोर तक लाभ को तेजी से पहुंचाना सुनिश्चित किया गया है।" उन्होंने कहा कि इसी वजह से 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आ पाए हैं। मोदी ने एक अन्य 'पोस्ट' में लिखा, "बीते 11 साल में हमारी सरकार का हर कदम सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। इस दौरान हमारी उपलब्धियां न सिर्फ अभूतपूर्व हैं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के जीवन को आसान बनाने वाली हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि देश को आगे ले जाने के अपने इन प्रयासों के साथ हम विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को जरूर हासिल करेंगे।'

### ऐसी राजनीति चाहिए जो 'इवेंट' की चमक से नहीं, आम ज़िंदगी की सच्चाई से जुड़ी हो : राहुल



**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दोपहिया वाहनों, कारों की बिक्री और मोबाइल बाजार में गिरावट को लेकर बृहस्पतिवार को सरकार पर निशाना साधा और कहा कि देश को ऐसी राजनीति चाहिए जो 'इवेंट' की चमक से नहीं, आम जिंदगी की सच्चाई से जुड़ी हो । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, आंकड़े सच बोलते हैं। पिछले एक साल में दोपहिया वाहनों की बिक्री 17 प्रतिशत और कार की बिक्री 8.6 प्रतिशत घट गई है। वहीं मोबाइल मार्केट सात प्रतिशत गिर गया है। उन्होंने दावा किया कि दूसरी तरफ, ख़र्च और कर्ज़, दोनों लगातार बढ़ रहे हैं। मकान का किराया, घरेलू महंगाई, शिक्षा का खर्च, लगभग हर चीज महंगी होती जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा, ये सिर्फ़ आंकड़े नहीं हैं, ये उस आर्थिक दबाव की हक़ीक़त है जिसके नीचे हर आम भारतीय पिस रहा है। राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया, हमें ऐसी राजनीति चाहिए जो इवेंट की चमक से नहीं, आम जिंदगी की सच्चाई से जुड़ी हो - जो सही सवाल पूछे, हालात को समझे और जिम्मेदारी से जवाब दे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, हमें ऐसी अर्थव्यवस्था चाहिए जो हर भारतीय के लिए काम करे, न कि सिर्फ़ कुछ गिने-चुने पूंजीपतियों के लिए।

## देशभर के शैक्षणिक संस्थान इस साल 10 करोड़ पौधे लगाएंगे : प्रधान

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को एक अभियान की शुरुआत की, जिसके तहत देश भर के शैक्षणिक संस्थानों द्वारा 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। प्रधान ने 'एक पेड़ मां के नाम' के दूसरे चरण की शुरूआत के दौरान, इस बात पर जोर दिया कि



अगली पीढ़ी को 2070 तक शून्य उत्सर्जन लक्ष्य और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, "इस बार, देशभर में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है और इसे एक जन आंदोलन बनाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के दूसरे संस्करण को गति देनी चाहिए।" मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष शिक्षण संस्थानों ने देश भर में पांच करोड़ से अधिक पौधे लगाए थे। उन्होंने कहा, "स्कूलों में मिशन लाइफ के लिए इको क्लब छात्रों को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से संबंधित चिंताओं के प्रति जागरूक किया जाएगा।" प्रधान ने कहा कि विश्व की तुलना में भारत कभी भी प्रदूषण फैलाने वाला देश नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता पूरे विश्व को एक परिवार मानती है।

## जम्मू-कश्मीर : आतंकी जांच के लिए एनआईए ने 32 ठिकानों पर छापे मारे


**नई दिल्ली (भाषा)।** पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों की ओर से रची गई साजिश की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर में 32 ठिकानों पर बृहस्पतिवार को छापे मारे।




अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिन ठिकानों पर छापेमारी की गई, उनमें द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू और कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू-कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स (जेकेएफएफ), कश्मीर टाइगर्स, पीपुल्स एंटी-फासीस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) जैसे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोगों तथा उनके सहयोगियों के आवासीय परिसर शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, ये सभी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अल-बद्र जैसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े हुए हैं।

## हार्वर्ड समेत 8 प्रतिष्ठित निजी विवि में विदेशी छात्रों के प्रवेश पर रोक

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ने के इच्छुक लगभग सभी



विदेशी छात्रों का देश में प्रवेश रोकने के लिए एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह 'आइवी लीग स्कूल' से अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दूर रखने का उनका नया प्रयास है। 'आइवी लीग' हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत अमेरिका के आठ प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों का समूह है। ट्रंप ने एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसमें घोषणा की गई है कि हार्वर्ड को मैसाचुसेट्स के कैम्ब्रिज स्थित अपने परिसर में विदेशी छात्रों को दाखिला देने की अनुमति देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होगा। ट्रंप ने एक अन्य आदेश में 12 देशों के लोगों को अमेरिका में प्रवेश करने से रोक दिया गया है।

## 3 जुलाई से शुरू होगी 38 दिन की अमरनाथ यात्रा

# 58 हजार जवान होंगे तैनात, पहलगाम बालटाल रूट पर लगेंगे जैमर

यात्रा के दोनों रूट वाली सभी सड़कें बंद रहेंगी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

अमरनाथ यात्रा के काफिले की सुरक्षा के लिए पहली बार जैमर लगाए जाएंगे, जिसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सुरक्षा प्रदान करेगी। काफिले के गुजरने के दौरान सुरक्षा के लिए यात्रा के दोनों रूट और नेशनल हाईवे की ओर जाने वाली सभी सड़कों को बंद कर दिया जाएगा। यह फैसला 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद आया है। बायसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे। इसके अलावा यात्रा के लिए अलग-अलग केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की 581 कंपनियां तैनात की जाएंगी।



**ड्रोन और डॉग भी करेंगे निगरानी :** अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित करने के लिए रोड ओपनिंग पार्टी (आरओपी), खतरों पर तुरंत एक्शन के लिए क्विक एक्शन टीम (क्यूएटी), विस्फोटकों का पता लगाने और उन्हें निष्क्रिए करने के लिए बॉम्ब डिफ्यूजल स्क्वॉड (बीडीएस), के9 यूनिट्स (विशेष रूप से प्रशिक्षित खोजी कुत्ते) और हवाई निगरानी के लिए ड्रोन शामिल होंगे। ये व्यवस्थाएं जम्मू और कश्मीर में अमरनाथ गुफा मंदिर तक जाने वाले पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर लागू होंगी।

## सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने के लिए प्रणाली उन्नत की गई : निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने चुनाव के बाद विभिन्न सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने के लिए अपनी प्रणाली को एक उन्नत तंत्र के जरिये सुव्यवस्थित किया है, जो पहले की उस व्यवस्था की जगह लेगा जिसमें ज्यादा समय लगता है। उसका कहना है कि स्वचालन और डेटा एकीकरण का लाभ उठाते हुए नई प्रणाली तेजी से रिपोर्टिंग सुनिश्चित करती है। 'इंडेक्स कार्ड' एक गैर-वैधानिक, चुनाव के बाद का सांख्यिकीय रिपोर्टिंग प्रारूप है जिसे निर्वाचन क्षेत्र के स्तर पर चुनाव संबंधी डेटा हासिल करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा विकसित किया गया है। इसे कई आयामों में डेटा का प्रसार करने के लिए डिजाइन किया गया है, मसलन, उम्मीदवार, मतदाता, डाले गए वोट, गिने गए वोट, पार्टी-वार और उम्मीदवार-वार मत प्रतिशत, लिंग-आधारित मतदान रुझान, क्षेत्रीय विविधताएं और राजनीतिक दलों का प्रदर्शन। 'इंडेक्स' कार्ड लोकसभा चुनाव के लिए लगभग 35 और विधानसभा चुनावों के लिए 14 सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने का आधार सुनिश्चित करता है।

## अग्निवीर भर्ती के लिए तिथि का ऐलान, 30 से 10 जुलाई तक होंगे एग्जाम

**वाराणसी।** वाराणसी परिक्षेत्र के लिए अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा 30 जून से 10 जुलाई तक होगी। इस पर जनरल ड्यूटी, तकनीशियन ट्रेड के दो वर्ग और क्लर्क के पद के लिए लिखित परीक्षा आयोजित कराई जा रही है। इस बार 58645 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। पहली बार 13 भाषाओं में परीक्षा होगी। जानकारी के अनुसार, 10243 अभ्यर्थी दोनों ट्रेड के लिए परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं, 16 जून को एडमिट कार्ड जारी कर दिया जाएगा। बताया गया कि अभ्यर्थी सेना की वेबसाइट पर अपडेट देखते रहे, परीक्षा से जुड़ी सभी जानकारी वेबसाइट पर दी जा रही है। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 15 जून से पहले जारी कर दिया जाएगा। प्रवेश पत्र ऑनलाइन माध्यम से इंडियन आर्मी की ऑफिशियल वेबसाइटपर जारी किया जाएगा, जहां से आप लॉग इन डिटेल दर्ज करके इसे डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा की तिथि एवं समय की जानकारी सभी आवेदनकर्ताओं को एसएमएस के माध्यम से भी प्रदान की जाएगी।

## अमेरिकी सांसदों ने भारत का किया समर्थन, कहा, आतंकी हमलों के लिए कोई जगह नहीं

# जब हमला होता है तो उसका जवाब देने के अलावा कोई चारा नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत लौटने से पहले अपनी अंतिम यात्रा के दौरान शशि थरूर के नेतृत्व वाले भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति से वॉशिंगटन में मुलाकात की। बैठक में अमेरिकी सांसदों ने भारत का पुरजोर समर्थन किया और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भी भारत के रुख की तारीफ की। प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष ब्रायन मास्ट, समिति के सदस्यों ग्रेगरी मीक्स, सांसद कमलागर डोव और सांसद बिल हुजएंगा से मुलाकात की। सभी ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और आतंकी हमले के खिलाफ भारत के जवाब का समर्थन किया।

### *आतंकी ढांचे खत्म करने के बाद पाक से होगी बातचीत*

*सांसद शशि थरूर ने कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकी ढांचे को खत्म करता है तो हम बातचीत के लिए तैयार हैं। अगर वे गंभीर कार्रवाई करते हैं और ये दिखाते हैं कि वे भारत के साथ सामान्य रिश्ते चाहते हैं तो हम भी उनके साथ बातचीत कर सकते हैं और वो भी बिना किसी मध्यस्थता के। उन्होंने कहा भारत को पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने में कोई परेशानी नहीं हैं।*

### आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने की जरूरत



ब्रायन मास्ट ने कहा अपने सहयोगियों और दोस्तों से मिलने का हमें गर्व है। हम सभी ने आतंकी हमले की निंदा की। दुनिया में इस तरह के हमलों के लिए कोई जगह नहीं है। भारत से इस तरह के जवाब की उम्मीद थी। जब आप पर हमला होता है तो आपके पास उस हमले का जवाब देने के अलावा और कोई चारा नहीं होता। भारत और अमेरिका को आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करना होगा ताकि आतंकी फिर किसी देश पर इस तरह का हमला न कर सकें।

### *पीएम मोदी 9-10 जून को करेंगे मुलाकात*

*पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर पर विदेशों का दौरा करने वाले प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से 9-10 जून को मिले सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य पीएम मोदी को दुनियाभर में हुई बातचीत की जानकारी देंगे। भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर वापस लौट चुके हैं। अलग-अलग दलों में शामिल 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह 'टीम इंडिया' की तरह पाक दुष्प्रचार को धराशायी किया।* ***आतंकी हमले के खिलाफ भारत के जवाब का समर्थन:*** *अमेरिकी सांसद कमलागेर डोव ने भी पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम आगे भी जारी रहेगा।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25